www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 98 || लखनऊ
बुधवार
08 जुलाई 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:18
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 32:00
न्यूनतमः 27:00



विशेष समाचार | मिलावट है भारत के सपनों ... »पेज 04 | झुग्गी-झोपड़ी पर बुलडोजर ... »पेज 06 | सरकारी आदेश पर हटाई गई ...

### सीएम योगी बोले- भावनाएं आहत होने की बात करते हैं, आस्था को बदनाम कर रहे

# 'भक्तों पर गोली चलाने वालों की कैसी आस्था'

**बयान**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुलतानपुर में मंगलवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या आंदोलन के दौरान राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं, वे आज आस्था की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था उसकी आहत होती है जिसकी आस्था रही हो, जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलवाई, उनकी कैसी आस्था? उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा जनता को इसका लाभ लगातार मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने ईसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पर विकास कार्यों में रुचि न लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन जनप्रतिनिधियों को भी जनता के हित में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

» (शेष पेज 06 पर)





### महिलाओं ने जताई नाराजगी, बारिश में करना पड़ा इंतजार

लंभुआ से आईं स्वयं सहायता समूह की एक महिला ने बताया कि उन्हें बैठक के लिए बुलाया गया था, लेकिन यह नहीं बताया गया था कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि काली साड़ी पहनने के कारण उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया और बारिश के बीच बाहर इंतजार करना पड़ा। वहीं प्रतापगढ़ से आए रवि नामक युवक ने भी आरोप लगाया कि केवल काले कपड़े पहनने की वजह से उन्हें मुख्यमंत्री के दर्शन करने से रोक दिया गया।

*"मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जो लोग मस्जिद नहीं बना पाए, वे आज भव्य राम मंदिर के निर्माण पर आश्चर्यचकित हैं और हमारी आस्था को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम में सीएम योगी ने सुल्तानपुर और इसौली विधानसभा क्षेत्रों के लिए 819 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और लखनऊ के बीच बेहतर सड़क संपर्क तथा अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से क्षेत्र के विकास को गति मिलने की बात कही। सीएम योगी ने सुल्तानपुर के लिए नई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के बाद अब यहां एक नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जाएगा, जिसका लक्ष्य शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करना है।"*

### जनसभा में मौजूद रहे कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी

*कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मंत्री सुरेश पासी, विधायक राजेश गौतम, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।*

**"मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इससे क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश आएगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्वांचल को औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।"**

### सपा कार्यकर्ताओं की हिरासत, कई नेताओं को किया गया नजरबंद

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष राजू चौधरी सहित कई सपा कार्यकर्ताओं को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं सपा प्रवक्ता अनूप संडा सहित सपा और कांग्रेस के कई नेताओं को नजरबंद किए जाने की जानकारी भी सामने आई।



# भारत और इंडोनेशिया में कुछ-कुछ होता है : मोदी

### डीएनए म्युचअल ट्रस्ट से बना, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति बोले- मैं मोदी का करियर कॉपी करता हूं

**इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



जकार्ता। पीएम मोदी ने मंगलवार शाम को जकार्ता में भारतीय लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां भारत का गाना 'कुछ-कुछ होता है' बहुत लोकप्रिय है। जब भारत-इंडोनेशिया साथ मिलकर चलते हैं तो कुछ-कुछ से भी आगे बढ़कर बहुत कुछ होता है। पीएम बोले- राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा था कि उनके अंदर भारत का DNA है। उनकी इस बात ने भारतीयों के दिलों को छू लिया था। भारत-इंडोनेशिया का DNA म्युचअल ट्रस्ट से बना है। इससे पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं आपका करियर कॉपी करता हूं।' उनके इतना कहते ही तालियां बजने लगीं। उन्होंने कहा, ' मोदी सरकार की कई योजनाएं सफल रही हैं। इसलिए वे इन्हें अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छा हुआ इन योजनाओं पर 'कॉपीराइट' नहीं है।' भारत-इंडोनेशिया के बीच मंगलवार को जकार्ता में 20 समझौते हुए। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। इसी के साथ फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन गया है।

» (शेष पेज 06 पर)


# चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी


### कहा- एसआईटी की रिपोर्ट के बाद सब बताऊंगा, तबतक मौन, रामचरितमानस की चौपाई पोस्ट की

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपों से घिरे पूर्व महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को श्रीरामचरितमानस की चौपाई लिखकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने X अकाउंट पर लिखा- 'धीरज धर्म मित्र अरु नारी, आपद काल परिखिअहिं चारी'। मतलब- धैर्य, धर्म, मित्र और पत्नी इन चारों की वास्तविक परीक्षा संकट के समय ही होती है। चंपत राय ने राम भक्तों के नाम हाथों से लिखा लेटर भी जारी किया। इसमें लिखा- राम मंदिर में दानपात्र की गणना के समय की गई चोरी को लेकर मेरे ऊपर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं, मैंने मौन धारण कर लिया है। सोमवार को ट्रस्ट की बैठक में SIT की प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की गई, जो अब सार्वजनिक हो चुकी है। जबकि रिपोर्ट परम गोपनीय थी। आप सभी को भरोसा देता हूं कि SIT की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद मैं अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों और दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दूंगा। सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। चंपत राय ने यह भी लिखा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में संगठन ने अयोध्या भेजा था। मेरा करीब 45 सालों का सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। चंपत राय ने 26 जून को महासचिव पद से इस्तीफा दिया था, 6 जुलाई को उसे ट्रस्ट की बैठक में स्वीकार कर लिया गया है। चंपत राय इस समय अयोध्या में ही हैं।

**चंपत राय ने पत्र में क्या लिखा?**





» (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

**दावा-सिया ने चेतन से 4 महीने पहले सीक्रेट मैरिज की**

पुणे। पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में सिया और चेतन को लेकर नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है।

कि सिया गोयल ने केतन से सगाई के बाद अपने प्रेमी चेतन चौधरी से गुपचुप शादी कर ली थी। दावा है कि शादी करीब चार महीने पहले पुणे के रजिस्ट्रार ऑफिस में हुई थी।

### पेट्रोल में 25% एथेनॉल मिलाने का प्लान टल सकता है

नई दिल्ली। पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने के विरोध के बीच इसकी मात्रा बढ़ाकर 25% करने की योजना को सरकार फिलहाल आगे बढ़ा सकती है। सरकार इस ट्रांजिशन को जल्दबाजी में करने के बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहती है। सरकार ने शुरुआत में साल 2030 तक पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्लान बनाया था। लेकिन इस टारगेट से बहुत पहले ही E20 फ्यूल (80% पेट्रोल और 20% एथेनॉल) को पूरे देश में स्टैंडर्ड पेट्रोल के रूप में लागू कर दिया गया है और अब हर जगह यही पेट्रोल मिल रहा है।

**तेलंगाना डीएसपी के पास मिली 300 करोड़ की संपत्ति**

हैदराबाद। तेलंगाना में एक पुलिस अधिकारी के पास करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति मिली है। सोमवार शाम उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान संकीरेड्डी भीम रेड्डी के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि रेड्डी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी तेलंगाना व कर्नाटक में अपने रिश्तेदारों, दोस्तों, कथित बेनामीदारों और सहयोगियों के नाम पर खरीद रखी थी।

# जयपुर में परिवार पर चढ़ा ट्रेलर, 4 की मौत

### बच्चों के शव टुकड़ों में नाले में गिरे, मां के पैर टूटे

**हादसा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

जयपुर। जयपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने फुटपाथ पर बैठे एक परिवार के 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन बच्चों और पिता की मौत हो गई। मां के दोनों पैर टूट गए। हादसा इतना भीषण था कि बच्चों के शवों के चिथड़े उड़ गए। एक बच्चे के शव के दो टुकड़े हो गए। सभी लोग नाले में गिर गए। हादसा श्याम नगर थाना क्षेत्र के 200 फीट बाइपास पर कमला नेहरू नगर में मंगलवार सुबह 8:46 बजे हुआ। मृतकों की पहचान राजसमंद के जैतपुरा निवासी चंद्रप्रकाश (40) और उनके बेटों रमेश (11), रतन (10), दीपक (8) के रूप में हुई है। चंद्रप्रकाश की पत्नी कैलाशी (35) गंभीर रूप से घायल है।






### मलबे से बचकर भागते दिखे, 200 फीट दूर से तिनके की तरह बहता आया टैंकर

# वायनाड में लैंडस्लाइड से मची तबाही

**तबाही**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वायनाड। केरलम के वायनाड में मंगलवार को लैंडस्लाइड में 3 लोगों की मौत हो गई। कल्लाडी स्थित मीनाक्षी ब्रिज के पास मलप्पुरम-वायनाड टनल के सामने यह घटना हुई। यहां कंस्ट्रक्शन चल रहा था और टनल के सामने सैकड़ों टन मिट्टी जमा थी। इस हादसे का VIDEO सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि तेज बारिश के चलते लैंड स्लाइड हुई और अचानक पूरा मलबा तेजी से बहने लगा। लोग मलबे से बचकर भागते दिखे। दर्जनों चपेट में आ गए।

» (शेष पेज 06 पर)

**3 की मौत | 7 लापता**

**मलबे के बहाव से एक व्यक्ति दूर छिटक गया, जबकि टैंकर चंद फीट दूर रुकने से महिला पुरुष की जान बच गई।**

### वायनाड में लैंडस्लाइड की क्या वजह है

वायनाड, केरलम के नॉर्थ-ईस्ट में है। यह केरलम का एकमात्र पठारी इलाका है। यानी मिट्टी, पत्थर और उसके ऊपर उगे पेड़-पौधों के ऊंचे-नीचे टीलों वाला इलाका। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक, केरलम का 43% इलाका लैंडस्लाइड प्रभावित है।

वायनाड की 51% जमीन पर पहाड़ी ढलाने हैं। यानी लैंडस्लाइड की संभावना बहुत ज्यादा बनी रहती है। वायनाड का पठार वेस्टर्न घाट में 700 से 2100 मीटर की ऊंचाई पर है।



जहां मलबा बहकर आया वहां कंस्ट्रक्शन साइट में काम करने वाली गाड़ियां भी खड़ीं थीं।



### हमला : कतर के टैंकर को निशाना बनाया, कहा- जहाजों ने तय रूट छोड़ा, यहां सुरक्षा की गारंटी नहीं

# खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच होर्मुज में ईरानी हमले


**तमसा संकेत, एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच ईरान ने मंगलवार को होर्मुज में फिर हमले शुरू कर दिए हैं। सरकारी मीडिया IRIB ने दावा किया कि होर्मुज में कतर के तेल टैंकर अल-रकायत को निशाना बनाया गया। इधर, अयातुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा मंगलवार को शियाओं के धार्मिक शहर कोम पहुंची। जनाजे में लाखों लोगों ने लाल कपड़ा चढ़ाया। यह इस्लामिक परंपरा में बदले या खून की मांग का प्रतीक माना जाता है। लाखों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। खामेनेई ने शुरुआती इस्लामी शिक्षा यहीं हासिल की थी। खामेनेई के ताबूत पर उनकी काली पगड़ी रखी गई है। इस्लामी परंपरा में ऐसी पगड़ी सिर्फ बड़े धार्मिक विद्वान पहनते हैं। ताबूत पर ईरान का राष्ट्रीय झंडा भी ओढ़ाया गया है, क्योंकि वे देश के सर्वोच्च नेता थे। कतर ने इस घटना के लिए ईरान को पूरी तरह कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया है। कतर ने ईरान से मांग की कि वह क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली सभी गतिविधियां तुरंत बंद करे।

» (शेष पेज 06 पर)

**"ईरान ने कहा कि होर्मुज से कमर्शियल जहाज हमारे बताए रास्तों से नहीं गुजर रहे हैं। इसके बिना हम सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते हैं। ईरान ने कहा कि अभी होर्मुज में हालात वैसे नहीं हुए हैं, जैसे अमेरिकी हमलों से पहले थे।"**





### होर्मुज स्ट्रेट में दूसरे जहाज पर भी हमला

ब्रिटेन की सेना ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में एक दूसरे जहाज पर भी हमला हुआ है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) ने बताया कि ओमान के तट के पास एक टैंकर पर प्रोजेक्टाइल से हमला होने और उसमें आग लगने की घटना के कुछ घंटे बाद एक दूसरे जहाज को भी निशाना बनाया गया।

**कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय समुद्री नौवहन की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ है।**

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से बाढ़

### पहाड़ से गिरे पत्थर और मिट्टी से घर-दुकानें बर्बाद हुईं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। जम्मू-कश्मीर के डोडा में ऊपरी इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से घर और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। मुंबई में पिछले 48 घंटे में करीब 15 इंच (380 मिमी) बारिश दर्ज की गई। मुंबई के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। नासिक में भी आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। त्र्यंबकेश्वर मंदिर और महाराष्ट्र के साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे। वहीं, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में सबसे ज्यादा 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। बमीठा में नेशनल हाईवे-39 पर 3 फीट तक पानी भर गया। बालाघाट में बाघ नदी उफान पर आने से पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए।



### आईटीआई, कौशल विकास केंद्रों की होगी नियमित मॉनिटरिंग, शॉर्ट टर्म रोजगारपरक कोर्स पर जोर

# यूपी को देश का अग्रणी कौशलयुक्त राज्य बनाने में जुटी योगी सरकार

**बैठक**

- अटल आवासीय विद्यालयों में स्किलिंग जारी, अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी शुरू होंगे कोर्स

तमसा संकेत, संवाददाता





**युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप बनाएंगे दक्ष - कपिल देव अग्रवाल**

**मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ऐसे युवाओं के वीडियो, अनुभव एवं उपलब्धियों को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से साझा किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा प्रेरित होकर कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ें।**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति की सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ करें। कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार की मंशा केवल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। इसलिए विभाग उद्योगों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करे तथा स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए ताकि प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके। बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों में संचालित स्किलिंग कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी स्किलिंग कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके।

## पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता के हत्यारों को उम्रकैद

### पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता के हत्यारों को उम्रकैद

तमसा संकेत, एजेंसी



लक्ष्मी सिंह, IPS इंद्रदेव सिंह, पिता

लखनऊ । लखनऊ के बहुचर्चित बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने शूटर विक्रम यादव उर्फ कालिया, उसके साथी पन्ना सिंह और बृजेश यादव उर्फ मुन्ना को उम्रकैद के साथ जुर्माने की भी सजा दी है। इससे पहले 30 जून को सीबीआई की विशेष अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया। इंद्रदेव सिंह गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता और सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह के ससुर थे। इंद्रदेव सिंह की 8 अगस्त 2002 को लखनऊ में डीएम कार्यालय के पीछे स्थित गली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह स्कूटर से जा रहे थे। स्कूटर सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया और दो गोलियां मारीं। एक गोली उनकी गर्दन में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़े। मामले की शुरुआती जांच स्थानीय पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में जांच सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में सामने आया कि बृजेश यादव स्कूटर चला रहा था, जबकि पीछे बैठे विक्रम यादव उर्फ कालिया ने इंद्रदेव सिंह पर गोली चलाई थी। मुकदमे के दौरान हत्या की साजिश रचने के आरोपी मन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश उर्फ नेता और छोटेलाल उर्फ छोटू की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो गई।

**फास्ट न्यूज**

### अलीगंज अग्निकांड मामले में एलडीए कोर्ट सख्त

लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड से जुड़े चर्चित मामले में मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट के समक्ष मंगलवार को कुल 24 मामले सूचीबद्ध थे, लेकिन केवल अलीगंज अग्निकांड से जुड़े मामले पर ही सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के अधिवक्ताओं ने जवाब दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा।

### लखनऊ में घर में घुसे 2 चोरों को पकड़कर धुना

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में घर में चोरी कर रहे 2 चोरों को लोगों ने पकड़ लिया। उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। दोनों चोर कानपुर से चोरी करने आए थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि उनके साथ और भी चोर थे लेकिन उन्हें लोग पकड़ नहीं पाए।

मामला बंथरा थाना क्षेत्र के बंथरा बाजार का है। यहां के थोक किराना व्यापारी संतोष कुमार गुप्ता के घर में चोरी हुई। संतोष अपने भतीजे की हल्दी-मेहंदी में सोमवार शाम काकोरी गए थे। वहां से रात 2 बजे घर लौट आए।

### तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचला

लखनऊ। लखनऊ के कैंट क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 35 साल की महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। कसाई बाड़ा गली निवासी मोहम्मद अकरम के मुताबिक, उनकी बहन आसमा (35) मंगलवार सुबह करीब छह बजे पेट्रोल पंप तिराहे की तरफ जा रही थीं।

## राजधानी में शादी का झांसा देकर रेप करने वाला गिरफ्तार

### जीवन साथी ऐप से हुई थी दोस्ती, मिलने के बहाने होटल में ले गया

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में जीवन साथी ऐप पर गोरखपुर की एक तलाकशुदा महिला से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दो दिन तक यौन शोषण करने वाले फरार आरोपी को नाका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को चारबाग बस अड्डे के पास से दबोचा और जेल भेज दिया।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि गोरखपुर की रहने वाली पीड़िता ने 20 मई को नाका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के मुताबिक, उसने जीवन साथी ऐप पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। अप्रैल में उसकी बातचीत एजाज मिर्जा से शुरू हुई। एजाज ने खुद को गुजरात के अहमदाबाद के कालूपुर का निवासी बताया और कुछ दिनों की बातचीत के बाद शादी का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि 16 मई को एजाज ने महिला को मिलने के लिए लखनऊ बुलाया और बताया कि वह चारबाग स्थित होटल क्रिस्टल में ठहरा है। महिला वहां पहुंची तो आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर दो दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने किसी जरूरी काम का हवाला देकर महिला से 25 हजार रुपए नकद और छह हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। उसकी चेन और झुमके भी ले लिए। आरोपी थोड़ी देर में लौटने की बात कहकर होटल से निकल गया, लेकिन वापस नहीं आया। मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। तब महिला को अपने साथ ठगी और धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

### राज्यपाल बोलीं- उसकी जिम्मेदारी सरकार पर जाती है, ऐसा पराक्रम मत करिए

# नसीहत : पढ़ाई के दौरान ही लड़कियों को बच्चा हो जाता है

**समारोह**

तमसा संकेत, एजेंसी



**राज्यपाल सोमवार को कुलाधिपति के तौर पर लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में पहुंची थीं। उन्होंने 62537 स्टूडेंट्स को डिग्री और 53 रिसर्चर को पीएचडी की उपाधि दी गई। कुलाधिपति ने सबकी डिग्री डिजिलॉकर पर अपलोड की।**

लखनऊ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने AKTU के दीक्षांत समारोह के दौरान कहा कि पढ़ाई के दौरान लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं। कइयों को बच्चा भी हो जाता है। उस बच्चे की जिम्मेदारी जानते हैं किस पर जाती है? सरकार पर जाती है। ऐसा पराक्रम आप लोग मत करिए। दूर रहिए इन पराक्रमों से।

मैं लव मैरिज के खिलाफ नहीं हूं, आप करिए लव मैरिज। आपको उनसे प्रेम है, उनको आपसे प्रेम है तो शादी करिए। लेकिन, शादी तभी करिए जब आत्मनिर्भर हो जाइए। मेरा बेटा बेंगलुरु पढ़ने गया। मैंने उससे कह दिया था कि अगर कोई लड़की पसंद आए तो बता देना, शादी करा देंगे। उसे कोई पसंद ही नहीं आई।

तकनीक से यदि हमारी पहचान खोती है तो क्या ये सही है? वास्तविक विकास वही है जो आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन समन्वय हो। आज कई यूनिवर्सिटी में पांडुलिपि पड़ी है, उसे कोई देखने वाला नहीं है। इसलिए हमारे पीएम ने दुर्लभ पांडुलिपि के डिजिटल संरक्षण के लिए उसे दिल्ली के एक सेंटर पर एकत्रित करवाया है। आप सिर्फ तकनीक के उपभोक्ता न बनिए, इसके सृजनकर्ता भी बनिए। 3 यूनिवर्सिटी में विजिट किया, जहां एडमिन कॉरिडोर था। एक कॉर्नर पर एडमिन ब्लॉक में 2 मंजिल में लाइब्रेरी बनी है। लाइब्रेरी में बच्चे 1 किमी दूर से पढ़ने जाते हैं, 2 किमी दूर हॉस्टल है। उनमें पढ़ेगा कौन? क्या राज्य सरकार ने जो बजट दिया, उसका उपयोग ही करना है। एक एक्टिविटी रूम चाहिए तो बड़े-बड़े 3 हॉल क्यों बना दिए? ऐसी दशा है आपके निर्माण विभाग की? कभी-कभी ऐसा लगता है कि फर्जी डिग्री पाकर निर्माण विभाग में तो नहीं भर्ती हो गए।



### हम डरने वाले नहीं, डराने वाले भी नहीं

DRDO के वैज्ञानिक क्रूज मिसाइल भी बना रहे हैं। डराते हैं न आसपास के लोग भारत को? हम डरने वाले नहीं हैं। डराने वाले भी नहीं हैं। पहले हम सभी मिसाइल तोप विदेशों से मंगवाते थे, आज ये समय आ रहा है कि विदेशों को देते हैं। हाल ही में INS धुना गिरि सहित कुल 3 युद्ध पोत सेना को सौंपे गए हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है कि इनकी परिकल्पना और निर्माण पूर्णतः स्वदेशी है। भविष्य में ऐसे शास्त्रों के निर्माण का सोचिए। ऐसे ही स्वदेशी तकनीकी से बने 40 विमानों का निर्माण भी हो रहा है। आपका सपना होना चाहिए कि हमें इसमें भी काम करना चाहिए।

# 'वर्षा ऋतु में मशीनरी पूरी तरह तैयार रखें'

### बारिश से पहले सभी पंपिंग स्टेशन, सीवर एवं नाला सफाई की तैयारियां पूरी करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी :मंत्री ए.के. शर्मा

- नगर निकायों में जलभराव, गंदगी एवं संक्रमण रोकने के लिए युद्धस्तर पर चलाएं विशेष अभियान
- नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों के साथ मंत्री ने की व्यापक समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता



**समस्या आने पर तत्काल हो कार्रवाई : नगर विकास मंत्री**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने संगम सभागार (लखनऊ)में वर्षाकाल के दृष्टिगत नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में जलभराव, सीवर ओवरफ्लो, नालों की सफाई, कचरा उठान एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी नगर निकाय में जलभराव, सीवर बैक फ्लो, गंदगी अथवा कचरे के ढेर जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या संक्रमण का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी निकाय युद्धस्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए सभी नगर निकाय प्राथमिकता के आधार पर ब्लीचिंग पाउडर, एंटी-लार्वा दवाओं एवं अन्य आवश्यक रसायनों का नियमित छिड़काव सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण या महामारी की स्थिति उत्पन्न न हो। मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि जहां-जहां पंपिंग स्टेशन एवं पंपिंग सेट स्थापित हैं, उनका तत्काल रखरखाव (मेंटेनेंस) पूर्ण किया जाए तथा उन्हें ड्रिल के माध्यम से पहले ही चलाकर जांच लिया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तत्काल कार्य करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मशीनों के खराब होने या मेंटेनेंस के बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

> बैठक में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री गुरुप्रसाद, निदेशक श्री अनुज कुमार झा, विशेष सचिव श्री सत्य प्रकाश पटेल, मिशन निदेशक ऋतु सुहास सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े।

### अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा सहित कई नगर निगमों तथा मुजफ्फरनगर, मऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर निकायों के अधिकारियों से विस्तृत संवाद कर वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं भी सीवर ओवरफ्लो, नालियों की सफाई में लापरवाही, जलभराव या स्वच्छता व्यवस्था में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्तों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

## डिलीवरी के बाद फर्श पर गिरा बच्चा, मौत

### लखनऊ के सरकारी अस्पताल में हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ।राजधानी लखनऊ के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के बाद बच्चा फर्श पर गिर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने यह कहते हुए हंगामा किया कि जब हम मां को लाए तो कहा गया कि इंतजार करो। जब लेबर पेन होगा तभी नॉर्मल डिलीवरी कराई जाएगी। बच्चे के पिता ने कहा- पत्नी की पहली प्रेग्नेंसी थी। लड़का हुआ था।

मामला कानपुर रोड स्थित लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल का है। आशियाना की सीता विहार कॉलोनी के शुभम अपनी गर्भवती पत्नी को रविवार शाम लेबर पेन होने पर अस्पताल पहुंचे थे। शुभम ने कहा- यहां सफाई करने वाली ने मुझसे डिलीवरी करने के 500 रुपए मांगे थे। उसने कहा था कि डॉक्टर 50 रुपए देते हैं, आप 500 दीजिए, हम डिलीवरी करा देते हैं। बच्चे के पिता शुभम पाल ने बताया- बच्चे की मां को जब लेबर पेन हुआ तो मैं उसे यहां लेकर आया। शाम करीब 4 बजे लेकर आया। यहां पर उसी समय उनको एडमिट कर लिया गया। उसके बाद फिर से लेबर पेन का ये लोग इंतजार करते रहे कि पेन होगा तभी डिलीवरी करेंगे। भर्ती करते समय डॉक्टरों ने कहा था कि एडमिट कर रहे हैं।

लेबर पेन होने पर नॉर्मल डिलीवरी कराएंगे, अगर जरूरत पड़ी तो सीजर भी कर सकते हैं।

### निर्देश : आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी

# यूपी को अग्रणी कौशलयुक्त राज्य बनाने हेतु योगी सरकार प्रयासरत

- सरकार का उद्देश्य प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जिसके लिए विभाग उद्योगों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करेगा और स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

तमसा संकेत, संवाददाता



**प्रशिक्षण संस्थानों में रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, सीएनसी, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग तथा इंडस्ट्री 4.0 जैसी आधुनिक तकनीकों से संबंधित प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा।**

लखनऊ। अटल आवासीय विद्यालयों में स्किलिंग जारी है और अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी कोर्स शुरू होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अधिकारियों को जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा गया है।

विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय, डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण भागीदारों, निर्माण कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

> युवाओं के लिए अधिक से अधिक शॉर्ट टर्म एवं रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिनमें सॉफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू तैयारी, रिज्यूमे लेखन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा।

### युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार

आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाएगी। अटल आवासीय विद्यालयों में आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है और अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी स्किलिंग कोर्स शुरू होंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से किया जाएगा।

# महिला संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

### महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग

- जनगणना और परिसीमन से अलग कर 106वें संविधान संशोधन के तहत महिला आरक्षण लागू करने की मांग, सपा प्रमुख बोले- सभी विधायी संस्थाओं में मिले महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में महिला संगठनों, विभिन्न नेटवर्कों और नागरिक समाज से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 के तहत महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने तथा इसे जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से अलग करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महिला आरक्षण महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में इसके क्रियान्वयन को जनगणना और परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं से जोड़ने के कारण हो रही देरी उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि संसद के आगामी मानसून सत्र में संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर महिला आरक्षण को बिना किसी विलंब के लागू किया जाए।

महिला प्रतिनिधियों ने समाजवादी पार्टी से संसद के भीतर और बाहर इस मुद्दे का समर्थन करने तथा केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से अलग कर लागू कराने के लिए दबाव बनाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है, इसलिए उन्हें जल्द से जल्द पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

## मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग

# विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**




उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के कब्बा खेड़ा स्थित विकास नगर मोहल्ले में मंगलवार दोपहर एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान 40 वर्षीय गुंजन मिश्रा पत्नी हेमंत मिश्रा के रूप में हुई है। गुंजन विकास नगर, कब्बा खेड़ा की रहने वाली थीं। उनके पति हेमंत मिश्रा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) में तैनात हैं। दंपति की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 10 और 8 वर्ष बताई जा रही है। गुंजन का मायका फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के लवानी गांव में है। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। गुंजन की मौत को लेकर मायके पक्ष ने आत्महत्या की संभावना से इनकार किया है। परिजनों का आरोप है कि गुंजन की हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाया गया, जिससे घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। परिजनों के मुताबिक, उन्हें ससुराल पक्ष की ओर से फोन कर घटना की जानकारी दी गई थी। सूचना मिलने के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो गुंजन मृत अवस्था में मिलीं।

### परिजनों का आरोप- वर्षों से किया जा रहा था मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न

मृतका के मायके पक्ष के अनिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि शादी के करीब 12 वर्षों से गुंजन को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि ससुराल पक्ष की ओर से कई बार गुंजन पर तलाक लेने का दबाव बनाया गया और दूसरी शादी करने की बात भी कही गई। परिजनों का कहना है कि पहले भी कई बार पति-पत्नी के बीच विवाद हुए थे। इसको लेकर एक बार महिला थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन परिवार के लोगों के समझाने के बाद मामला आपसी सहमति से खत्म कर दिया गया था।



### पुलिस जांच में जुटी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मायके पक्ष ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# टीईटी पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की मांग

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने हरदोई सांसद से की अपील

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरदोई के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को दोपहर बाद 3:45 बजे सांसद जयप्रकाश रावत से मुलाकात की। महासंघ ने टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त हुए शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा टीईटी को न्यूनतम योग्यता घोषित करने और हाल ही में 29 मई 2024 को आए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद देशभर के लाखों शिक्षकों में अपने भविष्य को लेकर चिंता है। महासंघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन शिक्षकों की नियुक्तियाँ टीईटी



नियम लागू होने से पहले, तत्कालीन नियमों और निर्धारित योग्यताओं के आधार पर वैध रूप से की गई थीं, उन्हें बाद में लागू किए गए नए पात्रता मानकों के आधार पर प्रभावित करना अनुचित है। यह न्याय, समानता और विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के खिलाफ है। संगठन के जिला संयोजक सचिन मिश्रा ने कहा कि ये शिक्षक पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा जगत और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाकर इन सभी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि उनके अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सांसद जयप्रकाश रावत ने शिक्षकों की इस गंभीर समस्या को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे आगामी मानसून सत्र में संसद के पटल पर इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। इस अवसर पर अनिल दीक्षित, प्रदीप गुप्ता उर्फ निराला, अवनीश तिवारी, अमित शुक्ला, राम किंकर बाजपेई, अरुण बाजपेई, सौरभ सिंह, विनीत अग्निहोत्री और खुशबु श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### उन्नाव की निजी लाइब्रेरियों पर प्रशासन का छापा

उन्नाव। उन्नाव के पुरवा तहसील क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन ने निजी लाइब्रेरियों का औचक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कई लाइब्रेरियां निर्धारित मानकों का पालन करती नहीं पाई गईं। प्रशासन ने इन लाइब्रेरियों के संचालकों को नोटिस जारी कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए हैं।

### मानिकपुर में खेत से इंजन का पंखा चोरी

बाराबंकी। बाराबंकी जिले की फतेहपुर तहसील के मानिकपुर गांव में एक किसान के खेत से सिंचाई इंजन का पंखा चोरी हो गया। किसान रवि कुमार वर्मा ने बड्डूपुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। रवि कुमार वर्मा, पुत्र सोहन लाल वर्मा, सुबह करीब 5 बजे अपने धान के खेत में पानी लगाने गए थे। वहां उन्होंने देखा कि उनके सिंचाई इंजन से चोर पंखा काटकर ले गए थे। चोर इंजन के अन्य पुर्जे भी साथ ले गए। किसान रवि कुमार वर्मा ने बड्डूपुर कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में पुलिस से तत्काल कार्रवाई कर पंखा बरामद करने की मांग की है।

### आधुनिक अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य पूरा

बाराबंकी। बाराबंकी के रामनगर तहसील स्थित लोधौरा ग्राम पंचायत के महादेवा में श्री लोधेश्वर महादेव धाम के पास 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य मंगलवार को पूरा हो गया। इस स्थल के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। ग्राम प्रधान अजय कुमार तिवारी के अनुसार, इस योजना के तहत एक कमरा, कार्यालय, शौचालय, बाथरूम, स्नानागार, शवदाह शांति स्थल और मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है।

## परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया, जांच की मांग

# प्रसव के बाद महिला की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई के गुरधरू गांव की 35 वर्षीय रुचि की प्रसव के बाद मौत हो गई। परिजनों ने एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना हरदोई के थाना पाली क्षेत्र से संबंधित है। मृतक के पति प्रमोद बाजपेई ने बताया कि 6 जुलाई, सोमवार को शाम करीब 3:30 बजे वे गर्भवती रुचि को महिला चिकित्सालय हरदोई ले गए थे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रुचि की हालत गंभीर बताकर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था। प्रमोद का आरोप है कि लखनऊ जाने की तैयारी के दौरान महिला चिकित्सालय में मौजूद आशा कार्यकर्ता साधना श्रीवास्तव ने उन्हें हरदोई के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दी। इसके बाद रुचि को



उस निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया गया। नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ पैदा हुआ। परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन के कुछ समय बाद अस्पताल प्रशासन ने रुचि की हालत गंभीर बताई और उसे तत्काल निजी एंबुलेंस से लखनऊ रेफर कर दिया। जब परिजन रुचि को लेकर लखनऊ पहुंचे, तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद

**66 मृतक के परिजनों ने मंगलवार शाम 4 बजे शहर कोतवाली में तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सकों के पैनल की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।**

**पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।**

परिजन शव लेकर वापस हरदोई स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि रुचि की मौत निजी अस्पताल में ही हो चुकी थी और विवाद से बचने के लिए उसे जानबूझकर लखनऊ भेजा गया।

**सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक विभाग में भी दिखवाया, जहां चिकित्सकों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।**

### बस ऑपरेटरों ने दी बसें सरेंडर करने की चेतावनी

हरदोई। हरदोई में शहर के बाहर से रूट परमिट बसों के संचालन के विरोध में 'हरदोई प्राइवेट बस ऑपरेटर जनकल्याण एसोसिएशन' ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12 बजे एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सर्कुलर रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय पहुंचकर आरटीओ को एक ज्ञापन सौंपा। बस ऑपरेटरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर जल्द उचित व्यवस्था नहीं की, तो वे अपनी सभी गाड़ियां सरेंडर करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि बिना आमदनी के टैक्स और बीमा का खर्च उठाना संभव नहीं है। एसोसिएशन के अध्यक्ष समीर अग्रवाल ने बताया कि जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में जो व्यवस्था तय की गई थी, प्रशासन ने उसे लागू नहीं किया। समीर अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नियम-कानूनों का उल्लंघन करते हुए ऑटो-रिक्शा और अन्य छोटे वाहन शहर के अंदर से ही हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, शाहजहांपुर, जगदीशपुर और मल्लावां जैसे विभिन्न रूटों पर सवारियां भर रहे हैं।

# बेटे ने मां की साड़ी से फंदा लगाकर दी जान

**पेड़ से लटका मिला युवक का शव, नशे का आदी था**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई। लोनार कोतवाली क्षेत्र के दुधिया भुड़िया गांव में एक युवक ने मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे अपने खेत में शीशम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव उसकी मां की साड़ी के पल्लू से लटका मिला। युवक की पहचान 35 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है, जो नशे की लत का शिकार था। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ। परिजनों के अनुसार, महेंद्र सोमवार देर शाम घर से लापता हो गया था। उसकी वृद्ध मां रामश्री ने रात भर और सुबह तक उसकी तलाश की। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने महेंद्र का शव उसके अपने खेत में शीशम के पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद परिवार में सूचना दी गई। सूचना मिलने पर



लोनार कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महेंद्र, दुधिया भुड़िया निवासी बालकराम का तीसरा पुत्र था। उसके दो बड़े और एक छोटा भाई है। परिजनों ने बताया कि उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। महेंद्र के बड़े भाई अवधेश ने बताया कि महेंद्र को नशे की गंभीर लत थी। इसी आदत के कारण उसकी शादी भी नहीं हो पाई थी और घर में अक्सर तनाव रहता था।

# हरदोई में ट्रैक्टर-बाइक टक्कर, युवक की मौत

**बहन घायल, मां बाल-बाल बचीं, नैमिषारण्य जाते समय हुआ हादसा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई। हरदोई में मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे बघौली-प्रतापनगर चौराहा मार्ग पर एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक सरोज कुमार की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान सरोज अपनी मां और बहन को नैमिषारण्य दर्शन के लिए ले जा रहा था। हादसे में उसकी 14 वर्षीय बहन दीपांशी गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि मां किरन सुरक्षित बच गईं। बघौली थाना क्षेत्र के पनुआ गांव निवासी सरोज कुमार खेती-बाड़ी का काम करता था। वह मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे अपनी मां किरन और छोटी बहन दीपांशी को बाइक पर बैठाकर नैमिषारण्य दर्शन के लिए घर से निकला था। उनकी बाइक



जैसे ही बघौली-प्रतापनगर चौराहा रोड पर स्थित बनियनखेड़ा ईंट-भट्ठे के पास पहुंची, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सरोज सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दीपांशी के पैर और कमर में चोटें आईं। दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने भागने का प्रयास कर रहे ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया।

### शिक्षक के घर 25 लाख के जेवर चोरी

बाराबंकी। बाराबंकी के हैदरगढ़ में एक शिक्षक के किराए के मकान में बड़ी चोरी हुई है। चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 7 लाख 26 हजार रुपये नकद चुरा लिए। यह घटना तब सामने आई जब शिक्षक 41 दिन बाद अपने घर लौटे। यह मकान लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर हैदरगढ़ कोतवाली से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। पीड़ित सुजीत कुमार सिंह मूल रूप से जौनपुर के निवासी हैं और हैदरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मालिनपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अतुल सिंह के मकान में किराए पर रह रहे हैं। 26 मई को स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपनी पत्नी, माता और बेटी के साथ बाराबंकी के लखपेड़ा बाग स्थित ससुराल चले गए थे। वहां उनकी बेटी के ऑपरेशन के कारण उन्हें 41 दिन तक रुकना पड़ा।

# उन्नाव में प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा, उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में उत्तर प्रदेश सरकार की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने मंगलवार दोपहर समीक्षा बैठक की। विकास भवन सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारी संगठनों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापार, उद्योग, बिजली, सड़क, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था सहित व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने बताया कि यह जनपद में उद्योग एवं व्यापार से जुड़े लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद था। इसका लक्ष्य व्यापारियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को समझना था, ताकि उनके व्यापार और उद्योग के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सके। मंत्री ने जानकारी दी कि व्यापारियों ने कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित अपने सुझाव प्रस्तुत किए।






अधिकारियों ने इन सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की प्राथमिकता है कि व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और वे आसानी से अपने कारोबार का विस्तार कर सकें। उद्योग विभाग के अधिकारियों पर व्यापारियों को परेशान करने और बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर पूछे गए सवालों पर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने सकारात्मक ढंग से अपनी बात रखी और अधिकारियों ने भी उन्हें ध्यान से सुना। उनके अनुसार, कोई भी ऐसी गंभीर समस्या सामने नहीं आई जिसे तत्काल बड़े संकट के रूप में देखा जाए। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार व्यापार को मजबूत करने और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही उद्यमियों के लिए बेहतर कारोबारी माहौल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। बैठक के समापन पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अभिनंदन : महामंत्री उपेंद्र सिंह रावत ने कहा- सभी छह सीटें जीतने का लक्ष्य

# भाजपा नेताओं का बुलडोजर से स्वागत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के बदोसराय कस्बे में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री उपेंद्र सिंह रावत, प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव और पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के रामनगर विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर नेताओं का स्वागत किया। बुलडोजर से फूल बरसाने का दृश्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और पार्टी पदाधिकारियों के समर्थन में उत्साह दिखाया।



### कोटवा धाम पहुंचकर नेताओं ने की पूजा-अर्चना

स्वागत कार्यक्रम के बाद प्रदेश महामंत्री उपेंद्र सिंह रावत, प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव और पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटवा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नेताओं ने मंदिर में प्रदेश की खुशहाली, जनता के कल्याण और भाजपा संगठन की मजबूती की कामना की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, मंडल महामंत्री अमित भैया, रामजी, दयाशंकर शुक्ला, जिला प्रतिनिधि पहलाद कुमार, आशीष अवस्थी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर भाजपा का फोकस- रावत

मीडिया से बातचीत में प्रदेश महामंत्री उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बाराबंकी में भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव को प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पार्टी की प्राथमिकता जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय और प्रभावी बनाना है।

### सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य

उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्ष 2017 में भाजपा ने बाराबंकी जिले की तीन विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। अब पार्टी का लक्ष्य जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर विजय हासिल करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए संगठन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं।



### भाजपा मंडल के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

यह स्वागत कार्यक्रम भाजपा सिरौलीगौसपुर मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा नेता नीरज वर्मा ने की। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से नेताओं का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए पदाधिकारियों के आने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की आगामी रणनीति और संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई।

# केमिकल युक्त कचरे से 90 क्विंटल मछलियां मरीं

## मत्स्य पालक ने डीएम से की शिकायत, बोले- लाखों का नुकसान हुआ

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र के तारा पश्चिम गांव में एक निजी तालाब में कथित तौर पर केमिकलयुक्त कचरा डाले जाने से बड़ी संख्या में मछलियों की मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित मत्स्य पालक ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और नुकसान की भरपाई के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तारा पश्चिम निवासी सैफुर रहमान सफवी ने आरोप लगाया है कि उनके निजी तालाब (गाटा संख्या-1214) के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने बिना अनुमति 400 से 500 डंपर केमिकलयुक्त कचरा तालाब में डलवाया। उनका दावा है



कि कचरे के पानी में मिलते ही रासायनिक प्रतिक्रिया हुई, जिससे तालाब में पाली गई लगभग 80 से 90 क्विंटल मछलियां मर गईं। इससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सैफुर रहमान के अनुसार, कचरा डालने से पहले उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई और न ही कोई सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि जब कचरा डंप किया जा रहा था, तब उन्होंने इसका विरोध भी किया था और संबंधित व्यक्ति से मिट्टी डालने की बात कही थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई। आरोपित व्यक्ति की पहचान मुजफ्फरपुर सर्रा निवासी दिलीप सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर प्लॉटिंग के उद्देश्य से क्षेत्र को भरवाने का कार्य करा रहे थे। सैफुर रहमान ने यह भी बताया कि इस घटना का असर केवल तालाब तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के ग्रामीण भी प्रदूषण से परेशान हैं। बदबू और प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है तथा उनका सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने भी इस मामले में अलग से शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# सम्पादकीय

## आतंकी गतिविधियां



एनआईए की ओर से पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर सरगना हाफिज सईद के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बीच दिल्ली एवं पंजाब से छह और संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी यही बताती है कि पाकिस्तान भारत को अस्थिर और अशांत करने की साजिश रचने से बाज नहीं आ रहा है। गत दिवस दिल्ली और पंजाब से जो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए, वे सभी पाकिस्तानी गैंग्सटर शहजाद भट्टी के माड्यूल से जुड़े थे। इनमें से एक गुट दिल्ली में आतंकी हमले करने की फिराक में था और दूसरा सीमा पार से हथियारों की तस्करी में जुटा था।

गैंग्सटर शहजाद भट्टी पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी की ओर से उसी तरह संरक्षित आतंकी है, जैसे हाफिज सईद और अन्य अनेक हैं। इसके चंद दिन पहले भी शहजाद भट्टी के संपर्क में रहे कई संदिग्ध आतंकियों की दिल्ली और पंजाब से ही गिरफ्तारी हो चुकी है। इसी तरह कुछ दिन पहले राजस्थान से भी कुछ संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार हुए थे। संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी का यह सिलसिला यही स्पष्ट करता है कि पाकिस्तान में ऐसे तमाम आतंकी हैं, जो डिजिटल मीडिया और अन्य तरीकों से भारत के युवाओं को आतंक के रास्ते पर चलने के लिए उकसा रहे हैं।

चूंकि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं और ऐसे प्रमाण भी मिले हैं, जो यह बताते हैं कि वे पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे, इसलिए पुलिस एवं खुफिया एजेंसियों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे अपनी सतर्कता का स्तर और बढ़ाएं। इसकी आवश्यकता इसलिए भी है, क्योंकि तमाम चौकसी के बाद भी पिछले वर्ष आतंकी दिल्ली में लाल किले के निकट एक कार में धमाका करने में सफल रहे थे। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां केवल इससे संतुष्ट नहीं हो सकतीं कि पाकिस्तान के इशारे पर भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले संदिग्ध आतंकी उनके हाथ लगते रहते हैं। उन्हें यह भी देखना होगा कि यह सिलसिला बंद कैसे हो?

इसके लिए भारत सरकार को भी कूटनीतिक स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी और पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़े हर आतंकी माड्यूल का कच्चा-चिट्ठा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखना होगा, ताकि उसके बीच यह संदेश जाता रहे कि पाकिस्तान भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने में लगा हुआ है। यह चिंताजनक है कि पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क जिहादी विचारधारा वाले युवकों के साथ खालिस्तान समर्थक तत्वों को भी बरगलाने-बहकाने में लगा हुआ है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी पंजाब और राजस्थान सीमा पर ड्रोन के जरिये जिस तरह हथियार और नशीले पदार्थ भेज रही है, उस पर लगाम लगाने के लिए भी भारतीय एजेंसियों को कुछ ऐसा करना होगा, ताकि पाकिस्तान दबाव में आए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब भी हो।

# मिलावट है भारत के सपनों पर विषनुमा दाग






> "भारत की पहचान योग, आयुर्वेद, शुद्ध आहार, नैतिक जीवन-मूल्यों और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की संस्कृति से रही है। यह पहचान तभी सार्थक होगी जब हमारे भोजन, दवाइयों और उपभोग की वस्तुओं में शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो।

भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन चुका है। आधुनिक राजमार्ग, बुलेट ट्रेन, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष में नई उपलब्धियां और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की प्रगति निश्चय ही गौरव का विषय हैं। लेकिन इन सबके बीच एक ऐसा कलंक है, जो इस समस्त प्रगति के माथे पर काले धब्बे की तरह दिखाई देता है-मिलावट। यह केवल खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व में आई मिलावट का भी प्रतीक है। यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि एक ओर चिकित्सक रोगियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दूध, घी, फल, पनीर और पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में वही दूध डिटर्जेंट और यूरिया से भरा मिलता है, घी में जानलेवा रसायन मिलते हैं, फलों को जहरीले रसायनों से पकाया जाता है और दवाइयों तक में नकलीपन प्रवेश कर चुका है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर स्वस्थ जीवन की आशा किससे की जाए? नये भारत, विकसित भारत एवं मजबूत भारत का सबसे बड़ा हो- मिलावट-मुक्त भारत। यह विडंबना केवल उपभोक्ता की नहीं, पूरे राष्ट्र की है। जिस देश की संस्कृति 'अन्नं ब्रह्म' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का संदेश देती हो, वहां भोजन ही यदि विष बन जाए तो इससे बड़ी त्रासदी और क्या हो सकती है? हाल के ही दिनों में देश के विभिन्न भागों से मिलावट के अनेक भयावह मामले सामने आए हैं। कहीं हजारों लीटर नकली दूध पकड़ा जाता है, कहीं करोड़ों रुपये का नकली शहद, कहीं मिलावटी घी, मावा और मसाले बरामद होते हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि जीवन बचाने वाली दवाइयों में भी नकली और घटिया सामग्री का उपयोग पाया गया। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। जो व्यक्ति लाभ कमाने के लिए किसी बच्चे, गर्भवती महिला, वृद्ध या बीमार व्यक्ति के भोजन और दवा में जहर घोल देता है, वह केवल व्यापारी नहीं, समाज का अपराधी है। दरअसल, मिलावट का सबसे बड़ा कारण केवल आर्थिक लालच नहीं, बल्कि नैतिक पतन है। पहले समाज में यह भावना थी कि दूसरों को कष्ट देकर कभी सुख नहीं मिल सकता। लोग ईश्वर, धर्म और समाज की नैतिक मर्यादाओं से डरते थे। आज परिस्थितियां बदल गई हैं। त्वरित धन अर्जित करने की अंधी दौड़ ने संवेदनाओं को कुचल दिया है। अब कुछ लोगों के लिए मुनाफा ही धर्म बन गया है, चाहे उसकी कीमत किसी की जान क्यों न हो। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास का भी प्रश्न है। मिलावटी खाद्य पदार्थ कैंसर, किडनी, लीवर, हृदय रोग, हार्मोन असंतुलन और बच्चों में कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी बोझ बढ़ता है, परिवार आर्थिक संकट में फंसते हैं और राष्ट्र की उत्पादक क्षमता प्रभावित होती है। दूसरी ओर, जब भारतीय खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारी विश्वसनीयता भी कमजोर होती है। विकसित भारत का सपना केवल ऊंची इमारतों और तेज आर्थिक विकास से पूरा नहीं होगा; उसके लिए स्वस्थ नागरिक और शुद्ध खाद्य व्यवस्था अनिवार्य है। विडंबना यह भी है कि हमारे यहां कानून तो हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, निरीक्षण तंत्र और विभिन्न एजेंसियां मौजूद हैं, फिर भी मिलावट का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार, निरीक्षण व्यवस्था की कमजोरी, मुकदमों में देरी और दंड का अभाव है। त्योहारों पर कुछ छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई करके प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि बड़े नेटवर्क अक्सर बच निकलते हैं। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक यह विषैला कारोबार समाप्त नहीं होगा। आज आवश्यकता केवल कानूनों की नहीं, बल्कि कठोर राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। हर जिले में आधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित हों। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन आधारित आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जाए। नकली दवाइयों और मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामलों के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएं, ताकि कुछ महीनों के भीतर दोषियों को सजा मिल सके। ऐसे अपराधों को सामान्य आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि 'जनस्वास्थ्य के विरुद्ध जघन्य अपराध' घोषित किया जाना चाहिए। लेकिन केवल सरकार सब कुछ नहीं कर सकती। समाज की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। उपभोक्ताओं को जागरूक बनना होगा। प्रमाणित उत्पादों का उपयोग, संदिग्ध वस्तुओं की शिकायत, स्थानीय स्तर पर जन-जागरण अभियान और विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नैतिक शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज मिलावट को केवल अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक बहिष्कार योग्य कृत्य मानने लगे, तो इस बुराई पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं होता। विकसित राष्ट्र वह है जहां नागरिक बिना भय के भोजन कर सकें, जहां दवा जीवन बचाए, जहां व्यापार विश्वास पर आधारित हो और जहां ईमानदारी आर्थिक सफलता का आधार बने। जापान, जर्मनी और अनेक विकसित देशों की सफलता का रहस्य केवल तकनीक नहीं, बल्कि गुणवत्ता और नैतिक अनुशासन भी है। भारत यदि विश्वगुरु बनने का स्वप्न देखता है, तो उसे सबसे पहले अपने बाजार को विश्वास का बाजार बनाना होगा। आज आवश्यकता एक नए राष्ट्रीय अभियान की है-'मिलावट-मुक्त भारत अभियान'। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने जनभागीदारी से व्यापक परिवर्तन की शुरुआत की, उसी प्रकार मिलावट के विरुद्ध भी राष्ट्रीय आंदोलन खड़ा किया जाना चाहिए।

**- ललित गर्ग**

# नर्मदा : जहाँ ज्ञान, वैराग्य और प्रेम एक साथ प्रवाहित होते हैं

भारतीय संस्कृति में नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं हैं; वे सभ्यता की स्मृतियाँ, अध्यात्म की वाहिकाएँ और मनुष्य की अंतःयात्रा की सहचर हैं। इसलिए हमारे यहाँ किसी नदी का स्मरण केवल भूगोल का स्मरण नहीं होता, वह दर्शन का भी स्मरण होता है। गंगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा—इन सबकी अपनी-अपनी आध्यात्मिक पहचान है। इन्हीं में नर्मदा का स्थान अद्वितीय है, क्योंकि वह केवल एक नदी नहीं, तप की साक्षात् धारा है। काशी को ज्ञानभूमि कहा गया है। वहाँ शिव का निवास है और आत्मबोध की ज्योति अनादि काल से प्रज्वलित है। काशी मनुष्य को यह सिखाती है कि अज्ञान के अंधकार को केवल ज्ञान ही दूर कर सकता है। वहाँ मृत्यु भी मोक्ष का उत्सव बन जाती है, क्योंकि ज्ञान भय का अंत कर देता है।


अयोध्या वैराग्यभूमि है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन बताता है कि त्याग ही मनुष्य को ऊँचा बनाता है। राजसिंहासन से वनवास तक की यात्रा सत्ता की नहीं, आत्मसंयम की यात्रा है। वैराग्य संसार से भागना नहीं, बल्कि संसार के बीच रहते हुए भी उसके मोह से मुक्त होना है। अयोध्या इसी जीवन-दृष्टि का प्रतीक है। ब्रज प्रेमभूमि है। वहाँ श्रीकृष्ण का माधुर्य है, राधा की अनन्यता है और गोपियों का निष्काम समर्पण है। ब्रज सिखाता है कि प्रेम ही वह शक्ति है जो ज्ञान को कठोर होने से बचाती है और वैराग्य को नीरस नहीं होने देती। प्रेम में अहं गलता है और ईश्वर निकट अनुभव होता है। यदि काशी ज्ञान का, अयोध्या वैराग्य का और ब्रज प्रेम का प्रतीक हैं, तो नर्मदा का तट इन तीनों का अद्भुत संगम है। नर्मदा के किनारे अनगिनत ऋषियों ने तप किया, योगियों ने समाधि लगाई, संतों ने भक्ति का गायन किया और साधकों ने आत्मा की मौन आवाज़ सुनी। यहाँ ज्ञान भी है, वैराग्य भी है और भक्ति का मधुर रस भी। यही कारण है कि नर्मदा को केवल पुण्यसलिला नहीं, तपोसलिला भी कहा जाता है।

**सुरेन्द्र दुबे**

## योग के कारण ही ...

डॉ.वेदप्रकाश

# योग करें, रोज करें और मौज करें



विगत दिनों विश्व योग दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष एवं आध्यात्मिक विभूति पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि-रयोग केवल शरीर का व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का विज्ञान है। योग का अभ्यास केवल एक दिन नहीं अपितु जीवन का संस्कार बनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि योग करें, रोज करें और मौज करें। सर्वविदित है कि योग भारतीय जीवन पद्धति एवं ज्ञान परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग के आदि चिंतक महर्षि पतंजलि में अपने योगसूत्र नामक ग्रंथ में योग के महत्व, उद्देश्य एवं विविध आयामों पर विस्तार से लिखा है। प्राचीनकाल से ही गुरुकुलों में एवं जन सामान्य के बीच योग का अभ्यास जीवन पद्धति के अंग के रूप में लोकप्रिय एवं अनिवार्य रहा। तदुपरांत विभिन्न ग्रंथों में इस विषय की विस्तृत व्याख्या भी मिलती है।

आज हमें यह भी जानने में समझने की आवश्यकता है कि जैसे-जैसे ज्ञान-विज्ञान और तकनीक बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे जीवन बोझिल हो रहा है। भिन्न-भिन्न रूपों में शारीरिक और मानसिक तनाव और जीवन पद्धति में बदलाव होने के कारण शारीरिक व्याधियां भी जन सामान्य के लिए घातक होती जा रही है। ऐसे में योग हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय होने में मदद करता है अपितु यह मानसिक रूप से भिन्न-भिन्न प्रकार की व्याधियों और दबावों से दूर रहने में भी हमें मदद करता है।

योग के कारण ही हमारे संत और ऋषि परंपरा के अनेक लोग लंबा, स्वस्थ और प्रसन्न जीवन जीते हुए समाज और राष्ट्र कल्याण हेतु अपना योगदान करते रहे हैं। आज जब भिन्न-भिन्न रूपों में व्यक्ति की जिम्मेदारियां बढ़ रही हैं, जीविकोपार्जन के लिए भी अनेक प्रकार से संघर्ष करना पड़ रहा है तब यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बना ले।

आज हमें यह भी समझने की आवश्यकता है कि देश- दुनिया के लोग भारतीय योग, अध्यात्म एवं ज्ञान परंपरा को जानना चाहते हैं। यह किसी एक व्यक्ति की पूंजी नहीं है अपितु सम्पूर्ण मानवता की साझा धरोहर है जो विभाजन नहीं बल्कि संगम, संघर्ष नहीं बल्कि समन्वय और अशांति नहीं बल्कि आत्मशांति का मार्ग है। यह गौरव की बात है कि आज राष्ट्रीय और वैश्विक पलक पर भिन्न जाति, भिन्न संप्रदाय अथवा भिन्न धार्मिक मान्यताओं के लोग, भिन्न संस्कृतियों, भिन्न-भिन्न प्रकार की भौगोलिक परिस्थितियों के लोग खुले मन से योग को अपना रहे हैं।

योग आज सम्पूर्ण मानवता को जोड़ने वाली सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति बन चुका है। योग बच्चे, बूढ़े, युवा, स्त्री- पुरुष सभी के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। योग ही वह शक्ति है जो तन- मन को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। योग के साथ-साथ संतुलित व पोषक आहार एवं संयमित जीवन पद्धति व्यक्ति और समाज को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। जब व्यक्ति और समाज स्वस्थ होगा तो विकसित राष्ट्र की राह और वैश्विक मानवता के कल्याण की भावना भी पुष्ट होगी। इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा और संत परंपरा के संदेश को समझें, स्वयं की शारीरिक, मानसिक आवश्यकता के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं वैश्विक आवश्यकता बन चुके योग के महत्व को जानें और इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। युवाओं के लिए योग के क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर खुल रहे हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों के साथ-साथ सामाजिक जीवन और वैश्विक फलक पर योग की स्वीकार्यता बढ़ने से योग के प्रशिक्षित अभ्यासियों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसलिए इस मांग को पूरा करने के लिए हम तैयार हों और योग का सही अर्थ जन जन तक पहुंचाएं।

ध्यान रहे योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की सर्वोत्तम कला है। आइए, योग को केवल एक दिवस का उत्सव नहीं बल्कि जीवन का संस्कार बनाएँ। साथ ही पूज्य चिदानंद सरस्वती जी द्वारा दिए गए इस सूत्र का व्यापक प्रचार करें- योग की डोज-हर रोज, योग करें- निरोग रहें एवं योग करें, रोज करें और मौज करें...।

## योजना के ...

सोनी सिंह

# ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना

गरीब परिवारों में बेटी की शादी हमेशा एक बड़ी चिंता का विषय रही है। दहेज, बारात और अन्य खर्चों का बोझ अक्सर माता-पिता को कर्ज के जाल में फंसा देता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना ऐसे ही गरीब श्रमिक परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने हजारों श्रमिकों की बेटियों के हाथ पीले करवाकर उनके सम्मान की रक्षा की है।

कानपुर नगर के जाजमऊ क्षेत्र के एक कारखाने में काम करने वाले रमेश प्रसाद की कहानी भी इसी बदलाव की गवाह है। रमेश प्रसाद पिछले 15 वर्षों से कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पंजीकृत एक चमड़ा फैक्ट्री में श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी मासिक मजदूरी 18,000 रुपये है। इस सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा था। ऊपर से बड़ी बेटी सीमा की शादी की उम्र होने पर रमेश की चिंता बढ़ गई थी। बेटी की शादी के लिए पैसा कहाँ से आएगा, यह सोचकर उनकी रातों की नींद उड़ जाती थी। रिश्तेदारों से मदद मांगने में भी शर्म आती थी। साहूकार से कर्ज लेता तो पूरी जिंदगी ब्याज भरते निकल जाती। इसी दौरान रमेश को फैक्ट्री के श्रमिक कल्याण अधिकारी से ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना के बारे में पता चला। अधिकारी ने बताया कि यदि श्रमिक की मासिक मजदूरी 24,000 रुपये से अधिक न हो तो उसकी पुत्री की शादी के लिए सरकार 51,000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देती है। यह सुनकर रमेश की आँखों में उम्मीद की चमक आ गई। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज जुटाए और श्रम विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर दिया।

योजना के तहत पात्रता की जांच के बाद रमेश का आवेदन स्वीकृत हो गया। बेटी की शादी की तारीख तय होते ही श्रम विभाग द्वारा 51,000 रुपये की धनराशि सीधे रमेश के बैंक खाते में भेज दी गई। यह राशि समय पर मिलने से रमेश का बड़ा बोझ हल्का हो गया। श्रमिक श्री रमेश ने बताया कि सरकार से मिली इस मदद से मैंने बेटी के लिए जरूरी सामान खरीदा, बारातियों के खाने-पीने का इंतजाम किया और बिना किसी कर्ज के शादी संपन्न कराई। रमेश की बेटी सीमा की शादी पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से हुई। बारात आई, द्वारचार हुआ, कन्यादान हुआ और बेटी हंसी-खुशी विदा हुई। मोहल्ले के लोग भी यह देखकर हैरान थे कि एक मामूली श्रमिक की बेटी की शादी इतने अच्छे से कैसे हो गई।

रमेश गर्व से कहते हैं, आज मेरी बेटी अपने ससुराल में खुश है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की वजह से संभव हुआ है। अगर यह योजना न होती तो शायद मैं बेटी की शादी इतनी इज्जत से नहीं कर पाता। रमेश की पत्नी सुनीता देवी भावुक होकर कहती हैं, हम गरीबों के लिए बेटी की शादी सबसे बड़ा सपना और सबसे बड़ा डर दोनों होता है। सरकार ने हमारी बेटी का कन्यादान कर के हमारा डर खत्म कर दिया। अब हम दूसरी बेटी की शादी के लिए भी निश्चिंत हैं। सरकार ने हम जैसे श्रमिकों को सच में सहारा दिया है।

## जरा हटके

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से आगरा में युवाओं के स्वावलंबन और स्वरोजगार की नई उड़ान



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (डल्ल्ट।) राज्य के शिक्षित और कुशल युवाओं के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में विकसित करना है। इसके तहत प्रदेश सरकार युवाओं को अपने नए उद्यम, स्टार्ट-अप या सूक्ष्म उद्योग शुरू करने के लिए बेहद आसान शर्तों पर वित्तीय सहायता और संसाधन उपलब्ध करा रही है, जिससे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य को जमीनी स्तर पर एक नई मजबूती मिल रही है।

यह अभियान उत्तर प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को गति देने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं, जिससे युवाओं का पलायन थमा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है। इसी कड़ी में आगरा जनपद में इस योजना का क्रियान्वयन अत्यंत प्रभावी ढंग से हो रहा है, जहां जिला प्रशासन और स्थानीय बैंक शाखाओं के सक्रिय सहयोग से युवाओं के सपने तेजी से साकार हो रहे हैं।

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विशिष्ट वित्तीय संरचना है, जो नए उद्यमियों के लिए शुरुआती जोखिम को काफी कम कर देती है। इसके अंतर्गत युवाओं को उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए 5 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसका सीधा मतलब यह है कि युवाओं को अपनी पूंजी के लिए साहूकारों या बैंकों की जटिल और महंगी ब्याज दरों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

योग्य लाभार्थियों को योजना की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को सीधे लाभान्वित करना है, जिससे आने वाले समय में राज्य के भीतर लाखों नए सूक्ष्म और लघु उद्योगों का जाल बिछाया जा सके। योजना के तहत पात्रता के लिए आवेदक की उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं पास और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री होना अनिवार्य है।

आगरा जनपद में इस दूरदर्शी योजना के जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन और इसके सकारात्मक प्रभाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण गोकुलपुरा निवासी श्री कृष्णा यादव हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के कारण उनके लिए स्वयं का उद्योग स्थापित करना आसान नहीं था। वे हमेशा अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना देखते थे, लेकिन पूंजी की कमी उनके मार्ग में सबसे बड़ी बाधा थी। इसी दौरान उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। उन्होंने योजना का अध्ययन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए केनरा बैंक, सिकंदरा-बोदला रोड शाखा, आगरा से 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त किया।

इस वित्तीय सहायता से कृष्णा यादव ने कार्डबोर्ड उद्योग की स्थापना की। शुरुआत में बाजार की प्रतिस्पर्धा और उत्पादन प्रबंधन जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद उनकी लगातार मेहनत और गुणवत्ता ने उनके व्यवसाय को सफलता की राह पर आगे बढ़ाया। आज उनकी इकाई सुचारु रूप से संचालित हो रही है और उन्होंने अपने साथ दो अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है।

इसी तरह आगरा के ही खातीपाड़ा, लोहमंडी के निवासी श्री परवीन अली ने भी इस योजना का लाभ उठाकर अपने सपनों को नई उड़ान दी है। वे लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छा रखते थे, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उनका सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत आवेदन करने पर उनकी पात्रता के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, आगरा शाखा द्वारा 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और सरकार की ओर से 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया।

प्राप्त वित्तीय सहायता से परवीन अली ने कारपेट उद्योग से संबंधित अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। आधुनिक संसाधनों और बेहतर प्रबंधन के साथ उन्होंने अपने कार्य को आगे बढ़ाया और आज उनकी इकाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने व्यवसाय के माध्यम से उन्होंने 4 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे उन परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार आया है।

आगरा जनपद में योजना की शानदार सफलता को देखते हुए प्रशासन द्वारा युवाओं के स्वरोजगार और स्टार्टअप के सपनों को तेजी से साकार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष जनपद में शत-प्रतिशत ऋण वितरण सुनिश्चित किया गया है। युवा उद्यमियों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा तय लक्ष्यों में और अधिक वृद्धि करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इस कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके। वित्तीय सहायता के साथ-साथ यह अभियान युवाओं की व्यावसायिक क्षमता को निखारने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित करता है। ऋण प्राप्त करने के लिए कौशल प्रशिक्षण की अनिवार्यता यह सुनिश्चित करती है कि जो भी उद्यम शुरू हो, वह बाजार की व्यावहारिक समझ के साथ आगे बढ़े। डिजिटल साक्षरता और आधुनिक व्यापारिक तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए भी इसमें विशेष प्रावधान किए गए हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पाद वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

### एसटीएफ ने एनकाउंटर में 2 गोलियां मारीं, कच्छा-बनियान पहनकर डकैती डालता था

# यूपी में 6 हत्याएं करने वाला आसिफ अली मारा गया



**फायरिंग**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अंबेडकरनगर/कानपुर। यूपी STF ने अंबेडकरनगर में बदमाश आसिफ अली (40) को मंगलवार सुबह 4 बजे एनकाउंटर में मार गिराया। STF ने उसे घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में सीने में दो गोली लगने से वह ढेर हो गया। मुठभेड़ जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर जगदीशपुर गांव के पास हुई। आसिफ छैमार गैंग का सरगना था। पति-पत्नी समेत 6 हत्याओं में वांटेड था। बदमाश रात के वक्त कच्छा बनियान पहनकर अपने गुर्गों के साथ घर में घुसकर



आसिफ अली, मृतक बदमाश

लूट की वारदात करता था। वह परिवार को बंधक बनाता था। डकैती के बाद हत्या करके भाग जाता था। फिर नाम बदलकर दूसरे राज्य और जिले में छिप जाता था। उसने जितनी भी वारदातें कीं, लगभग सभी का यही पैटर्न था। नोएडा STF यूनिट के एडिशनल एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया- जौनपुर में डकैती डालकर दो महिलाओं की हत्या कर दी थी। 3 और लोगों पर भी जानलेवा हमला किया था, लेकिन उनकी जान बच गई थी। तब उस पर

## एसटीएफ ने घेरा तो फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में ढेर हुआ

यूपी STF के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि आसिफ अंबेड-करनगर में छिपा है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। इसके बाद टीम ने उसकी घेराबंदी की। खुद को घिरता देखकर वह बाइक मोड़कर भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो उसने फायरिंग कर दी। एक सिपाही के दाहिने हाथ में गोली लग गई। इसके बाद टीम ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इसमें उसे सीने में दो गोली लगीं। वह जमीन पर गिर पड़ा। टीम ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। STF ने बदमाश से पिस्टल, एक 12 बोर का तमंचा और बाइक बरामद की है।

जौनपुर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ यूपी, राजस्थान और हरियाणा में 20 मुकदमे दर्ज थे। आसिफ अली का परिवार साल 2015 के आसपास कानपुर के मकनपुर गांव में खाली पड़ी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रहता था।

## छैमार गैंग- दिन में रेकी करते, रात में डकैती डालते हैं

■ छैमार गैंग यूपी का एक कुख्यात गिरोह है। जो रात में चोरी, लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम देता है। यह गैंग यूपी के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी लगातार ठिकाना बदलकर अपराध करता है। वारदात के बाद गैंग के गुर्गे तुरंत दूसरे जिले या राज्य में छिप जाते हैं। नाम बदलकर अलग-अलग रहते हैं, जिससे पुलिस की पकड़ में जल्दी नहीं आते।

■ गिरोह कच्छा-बनियान और बावरिया गिरोह की तरह काम करता है। इसके अपने सख्त नियम-कायदे हैं। गिरोह का सरदार वही बनता है, जिसने कम से कम छह हत्याएं की हों। इसी वजह से इसे छैमार गैंग कहा जाता है। जो गुर्गा जितनी क्रूर और गंभीर वारदात करता है, गिरोह में उसकी उतनी ही ज्यादा हैसियत होती है।

■ सबसे क्रूर बदमाश को "राजकुमार" का दर्जा दिया जाता है। गिरोह में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल रहती हैं। महिलाएं दिन में भीख मांगने या कूड़ा बीनने के बहाने घरों की रेकी करती हैं। रात में जिस घर में लूट करनी होती है, उसके पास गिरोह के सदस्य छिपकर बैठते हैं।

■ पुलिस के मुताबिक, डकैती से पहले गिरोह काली माता की पूजा करता है और शराब का भोग लगाता है। इसके बाद कच्छा-बनियान पहनकर घरों में घुसते हैं। डकैती के दौरान परिवार विरोध करता है तो हत्या कर देते हैं। हत्याएं धारदार हथियार से करते हैं, क्योंकि गोली की आवाज से पकड़े जाने का खतरा रहता है।

# हम सिर्फ भड़ास निकाल सकते हैं : बृजभूषण

### बिजली विभाग और जल जीवन मिशन की लापरवाही से हो रहीं हजारों मौतें

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोंडा। कैसरगंज के पूर्व सांसद और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी ही सरकार के दो विभागों पर सवाल उठाए हैं। मंगलवार दोपहर 12 बजे मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा- जल जीवन मिशन और बिजली विभाग की लापरवाही से जो मौतें हो रही हैं, उनका जिम्मेदार कौन हैं। हम सिर्फ आवाज उठा सकते हैं। बोलकर अपनी भड़ास निकाल सकते हैं। अगर सही से जांच कराई जाए तो पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कारण 2 से 4 हजार हादसे सामने आएंगे। बिजली विभाग की भी लापरवाही से पता नहीं कितने लोग हर रोज मरते हैं, कितने जानवर मरते हैं, कितनी घटनाएं होती हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा में अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा,



हमारे क्षेत्र में तीन दलित परिवारों के कमाने वाले सदस्य जिनकी उम्र 22 से 42 साल थी, एक हादसे में मारे गए। जल जीवन मिशन के तहत वहां पाइप डालने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन काम के बाद सड़क की ठीक से फिलिंग, कुटाई नहीं की गई। जिससे, सरिया से लदा एक ट्रक वहां धंस कर पलट गया। उसकी चपेट में आने से इन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। कल मैं उनके परिवार वालों से मिलने गया था। थोड़ी-बहुत हमने मदद भी की, लेकिन बड़ी दुखद घटना है।

**फास्ट न्यूज**

### अम्बेडकरनगर के इब्राहिमपुर में आपसी विवाद पर पथराव

अम्बेडकरनगर। जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के गजराज का पूरा गांव में आपसी विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर जमकर पथराव कर दिया। इस घटना में एक करकट नुमा मकान और एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### नवविवाहिता की दहेज प्रताड़ना से मौत

कोल। अलीगढ़ जिला अदालत ने दहेज मृत्यु के मामले में पति को दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने माना कि शादी के कुछ ही महीनों बाद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित किया गया था। हालांकि, साक्ष्य के अभाव में सास और ससुर को बरी कर दिया गया। अलीगढ़ जिला अदालत ने दहेज मृत्यु के एक मामले में नवविवाहिता सीमा के पति मुकेश कुमार को दोषी ठहराया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवीश कुमार अत्री की अदालत ने मुकेश को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### पूर्व सपा नेता नवाब-नीलू यादव की संपत्ति कुर्क

कन्नौज। कन्नौज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और उसके भाई गैंगस्टर नीलू यादव की 5 करोड़ 25 लाख कीमत की संपत्ति कुर्क की गई है। कन्नौज में 11 सम्पत्तियां मंगलवार को कुर्क की गईं। जिसमें करीब 25 बीघा खेत और 3 मकान शामिल हैं, जिनकी कीमत 5 करोड़ 25 लाख बताई गई। नाबालिग से रेप के आरोप में पकड़े गए पूर्व सपा नेता गैंगस्टर नवाब सिंह यादव और उनके भाई गैंगस्टर नीलू यादव की सम्पत्तियों की मुनादी करवा कर पुलिस और राजस्व टीम ने कुर्क कर लिया।

# 2 करोड़ का प्लॉट बेचने के 2 महीने बाद हत्या

### झज्जर में दोस्त संग डेडबॉडी मिली, साथ रहने वाले दो गायब

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झज्जर। झज्जर में मिली दो लाशों के मामले में खुलासा हुआ है। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचे इरशाद (40) के भाई हकीकत ने सतीश और सिकंदर पर शक जताया है। उनका कहना है कि दोनों इनके साथ ही रहते थे। 6 जुलाई को सतीश ने फोन कर पहले दोनों के एक्सीडेंट की सूचना दी थी। बाद में वह और सिकंदर अस्पताल भी पहुंचे, लेकिन कुछ देर बाद वहां से चले गए। अब दोनों गायब हैं। इनके खिलाफ शिकायत दी है। यह भी सामने आया है कि कामिल (50) ने दो महीने पहले ही मेरठ में 2 करोड़ रुपए में प्लॉट बेचा था। वो 4 जुलाई को इरशाद के साथ ब्लैक स्कॉर्पियो में राजस्थान के नीमराना के लिए निकला था। कामिल प्रॉपर्टी का काम करता था। कामिल उसके साथ मुंशी का काम



संभालता था। यूपी के रहने वाले थे कामिल और इरशादः कामिल और इरशाद यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के जौला गांव के रहने वाले थे। दोनों पिछले करीब 20 साल से साथ रहकर काम करते थे। राजस्थान के नीमराना में कामिल पहले पीजी चलाता था और इरशाद वहीं मुंशी का काम करता था। करीब एक महीने पहले पीजी बेचने के बाद दोनों वहीं प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगे थे। इससे पहले कामिल ने दो महीने पहले मेरठ में अपना एक प्लॉट करीब 2 करोड़ रुपए में बेचा था।

### अब हुआ तो खोपड़ी खोल दूंगा, पोस्ट में लिखा- मोमबत्ती जलाने से अच्छा आज ही आवाज उठाऊं

# बेटी को छेड़ा तो आरोपी के पिता पर तमंचा ताना


**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। बेटी की छेड़खानी से तंग आकर पिता ने आरोपी के पिता पर तमंचा तान दिया। कहा- अगली बार कुछ हुआ तो खोपड़ी में गोली मार दूंगा। फिर पोस्ट में लिखा कि मोमबत्तियां जलाने से बेहतर है कि आज ही निर्दोष बच्ची के लिए आवाज उठाई जाए। धमकाने और छेड़खानी का मामला सामने आने के बाद बर्रा थानाक्षेत्र दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस किशोरी के पिता की तलाश कर रही है। वहीं छेड़खानी से तंग आकर किशोरी ने भी 6 जुलाई को अपने पिता के X अकाउंट पर वीडियो जारी किया है। वीडियो जारी करने के बाद पूरा मामला मंगलवार



यानी 7 जुलाई को सामने आया है। वीडियो में किशोरी ने कहा- मैं अपने घर के सामने वाले एक लड़के से बहुत परेशान हूं। मैं जब घर से बाहर निकलती हूं तो वो अपनी छत से मुझे गंदे-गंदे इशारे करता है।इग्नोर कर सीटी बजाकर परेशान करता है। मेरे पापा मुझे साइकिल दिलाकर लाए हैं, मैं साइकिल चलाने जाती हूं तो वह मुझे पकड़ने आ जाता है।

**डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- मामला संज्ञान में है, दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी पीड़िता की ओर से कुछ वीडियो पुलिस को मुहैया कराए गए थे, जिसमें वह अश्लील इशारे करता दिख रहा है। मामले की जांच की जा रही है।**



### पिता ने लिखा- मोमबत्ती जलाने से अच्छा, बच्ची के लिए आवाज उठाएं

पीड़ित किशोरी के पिता ने X पर पोस्ट लिखा- आज, एक बेटी के पिता के रूप में, मेरा दिल कांप रहा है। बाद में मोमबत्तियां जलाने से बेहतर है कि आज ही इस निर्दोष बच्ची के लिए आवाज उठाई जाए। 10 साल की एक मासूम बच्ची अपने घर के सामने रहने वाले 18 साल के लड़के के अश्लील कृत्यों, भद्दे इशारों और उत्पीड़न से इतनी भयभीत है कि उसे सोशल मीडिया पर आकर रोते हुए न्याय की गुहार लगानी पड़ रही है। घर में सिर्फ मां और बेटी ही रहती हैं और आरोपी परिवार पैसे और प्रभाव के बल पर हर जगह मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। जब मां शिकायत करने जाती है, तो उसे गालियां और धमकी मिलती है।

### 27 जून को सिर पर तमंचा लगाते फुटेज आया था सामने

27 जून को किशोरी के पिता का वीडियो सामने आया था। इसमें किशोरी के पिता आरोपी के घर पहुंचे थे। इस दौरान सभ्रांत लोग दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराकर समझौता करा रहे थे, तभी छेड़खानी से आक्रोशित पिता घर से तमंचा लेकर आया और शोहदे के पिता के सिर पर सटा दिया और बोले- आप सभी लोगों की बात मान ली, लेकिन अगली बार कुछ हुआ तो इसकी खोपड़ी में गोली मार दूंगा। जब मां शिकायत करने जाती है, तो उसे गालियां और धमकी मिलती है।

### कॉल सेंटर की लड़कियां दुल्हन बनकर मीठी-मीठी बाते करके लोगों को फंसाती, सरगना समेत 3 अरेस्ट

# कानपुर में मेट्रीमोनियल की आड़ में ठग गैंग का खुलासा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर कल्याणपुर थाने की पुलिस और साइबर सेल ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर मैट्रीमोनियल साइट की आड़ में देश भर के हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। यह गैंग फर्जी मेट्रीमोनियल साइट बनाकर लोगों को एआई जेनरेटेड सुंदर और आकर्षक लड़कियों की फोटो भेजकर उनसे रजिस्ट्रेशन से लेकर बातचीत कराने के नाम पर ठगी कर रहा था। यहां हकीकत में तो कोई दुल्हन नहीं थी, कॉल सेंटर की लड़कियां ही दुल्हन बनकर रोजाना सैकड़ों लोगों को शादी के सपने दिखाकर मीठी-मीठी बातें करती और सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाकर ठगी करती

**डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने मंगलवार दोपहर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मैट्रीमोनियल साइट की आड़ में ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि उन्हें एनसीआरपी पोर्टल से इनपुट मिला कि कल्याणपुर आवास विकास कैलाश विहार के एक अपार्टमेंट में गतिविधियां संदिग्ध हैं। यहां से कानपुर के साथ ही यूपी के कई जिलों और राज्यों में कॉलिंग की जा रही है।**



थीं। पुलिस ने रेड मारी तो खुद दंग रह गई। जांच में सामने आया कि ये गैंग अधेड़ उम्र के लोगों को टारगेट करता और फिर झांसे लेकर ठगी करते थे। एक अनमैरिड युवती अपने दो साथियों के साथ इस गैंग को चल रही थी। पुलिस ने तीनों को अरेस्ट कर लिया है। अब उनके बैंक अकाउंट समेत अन्य की जांच में जुटी है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करके खुलासा किया है।

### रजिस्ट्रेशन से लेकर बात कराने की लेते थे फीस

पुलिस ने सरगना ईडब्ल्यूएस आवासा विकास-3 कल्याणपुर में रहने वाली श्याम नारायण त्रिवेदी की अनमैरिड बेटी अनुराधा त्रिवेदी, जनता नगर बर्रा-3 निवासी विक्रम खूटे और पुराना शिवली रोड कल्याणपुर निवासी प्रियंका को अरेस्ट कर लिया। इसके साथ ही कॉल सेंटर में काम कर रही 15 लड़कियों से भी पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ और पुलिस अफसर भी दंग रह गए। कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़कियों को रोजाना शादी के इच्छुक 100 से 150 लोगों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए जाते थे। ये लड़कियां उनसे मैट्रीमोनियल साइड की टेलीकॉलर बनकर बात करती और फिर उन्हें कैसी लड़की से शादी करना चाहते हैं।

# गोरखपुर में 'चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगे

### कांग्रेसियों ने सद्बुद्धि यात्रा निकाली, बोले- बड़े साजिशकर्ताओं पर एफ्आईआर हो

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में कांग्रेस कमिटी की ओर से मंगलवार को दोपहर 12 बजे से राम मंदिर चढ़ावा चोरी सद्बुद्धि यात्रा निकाला गया। यह यात्रा टाउन हॉल से निकल का गोलघर काली मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाएं। उनका कहना है कि चंदा चोरी मामले में अभी तक छोटे- छोटे लोगों पर कारवाई की जा रही है। जो मुख्य आरोपी हैं उनको बाहर नहीं लाया जा रहा है। उनकी मांग है कि चंदा चोरी में जो बड़े लोग, मुख्य साजिशकर्ता करता है उनके खिलाफ FIR हो और कठोर से कठोर कारवाई हो। जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा- केंद्र की सरकार,



प्रदेश की सरकार ने पहले देश के सभी संसाधन बेच कर पूंजीपतियों को दिया। जब उससे भी उनकी आत्मा और पेट नहीं भरा तो ये लोग मंदिरों के चढ़ावा को, श्रृद्धालुओं के चढ़ावा को चोरी कर रहे हैं। भगवान के चरणपादुका तक बेच डाल रहे हैं। सनातन धर्म के नाम पर, हिंदू धर्म के नाम पर खिलवाड़ कर रहें। ऐसे चंदा चोरों के खिलाफ आज गोरखपुर के जिला और महानगर कांग्रेस कमिटी ने सद्बुद्धि यात्रा निकाला है। ताकि ईश्वर उनको सद्बुद्धि दे। जो लोग चंदा चोरी में लिप्त हैं इससे बाज आएं और इनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने आगे कहा कि पूरी तरह से यह मोदी और योगी सरकार की संलिप्तता है। चंदा चोर उनके दल के लोग हैं, उनके पार्टी के लोग हैं। इसीलिए उनके संरक्षण में पूरी तरीके से देश के सभी मंदिरों में इस समय चंदा चोरी अभियान चलाया जा रहा है। देश को लूटा जा रहा है। वहीं चंपत राय के इस्तीफे को लेकर उन्होंने कहा कि इससे काम नहीं चलेगा। जो पूरी तरीके से संलिप्त लोग हैं। ये बड़ी मछलियों को छोड़ रहे हैं। जो इनके मित्र हैं, साथी हैं जो चंदा चोरी में शामिल हैं उनको छोड़ा जा रहा है।


# छात्रा से शादी के लिए टावर पर चढ़ा कोचिंग संचालक

### प्रयागराज में 3 घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा, पुलिस के मनाने पर उतरा

- पुलिस के मनाने पर कोचिंग संचालक 3 घंटे बाद टावर से नीचे उतरा।
- कोचिंग संचालक टावर से उतरा तो पुलिस उसे अपने साथ थाना ले गई।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में एक कोचिंग संचालक मंगलवार सुबह 7 बजे बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। वह करीब 40 फीट की ऊंचाई पर जाकर बैठ गया। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने उसे टावर पर बैठा देखा तो शोर मचा दिया। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने उसे नीचे उतरने



के लिए कहा, लेकिन वह चुपचाप बैठा रहा। काफी समझाने-बुझाने के बाद उसने ऊपर से एक पत्र नीचे फेंका, जिसमें अपनी प्रेमिका से शादी कराने की मांग लिखी थी। पुलिस ने उसे मनाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। बाद में उसकी बात सुनने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद वह करीब तीन घंटे बाद

**लेटर में लिखा है- 'दुनिया की लड़कियां समय आने पर बदल जाती हैं, लेकिन आप मुझे ऐसा समझते हैं, चाहे मैं सीता बन जाऊं, कोई किसी का नहीं होता जब राम ही न हुए। पहले आप नौकरी की तैयारी करे, फिर मैं खुद भी बी.एड करके नौकरी करूंगी। दोनों मिलकर सोरांव में जमीन लेकर रहेंगे, क्योंकि सोरांव में उसकी रिश्तेदार का घर है और उसकी सबसे पसंदीदा बहन भी वहीं रहती हैं।'**

टावर से नीचे उतर आया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि जिस गांव में टावर लगा है।

### विवाद : अनूप संडा बोले- रामजन्मभूमि ट्रस्ट को आरटीआई से बाहर रखकर छिपाई गई चंदे की ठगी

# सीएम के दौरे से पहले सपा का हमला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर चढ़ावा और चंदा विवाद को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक अनूप संडा ने अयोध्या चंदा चोरी मामले को लेकर भाजपा सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि ट्रस्ट को सूचना का अधिकार (RTI) कानून के दायरे से बाहर रखने के फैसले की भी जांच होनी चाहिए। संडा ने आरोप लगाया कि यदि ट्रस्ट आरटीआई के दायरे में होता तो कथित चंदा गड़बड़ी का मामला पहले ही सामने आ सकता था। सपा प्रवक्ता अनूप संडा ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है, इसलिए



इससे संबंधित आर्थिक मामलों में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन अधिकारियों या लोगों के आदेश पर रामजन्मभूमि ट्रस्ट को आरटीआई के दायरे से बाहर रखा गया, उनकी भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े बड़े धार्मिक और सामाजिक संस्थानों में पारदर्शिता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी तरह के सवाल खड़े न हों। अनूप संडा ने मुख्यमंत्री के सुल्तानपुर दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियों पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के आगमन के कारण जिले के सभी प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं और शहर में ई-रिक्शा संचालन पर भी रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सपा नेता ने आरोप लगाया कि इस तरह की व्यवस्थाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित नहीं हैं। सपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस तरह से प्रशासनिक प्रतिबंध लगाए गए हैं, उससे ऐसा नहीं लगता कि यह किसी लोकतांत्रिक मुख्यमंत्री का दौरा है। उन्होंने इसे तानाशाही सोच का उदाहरण बताया।

### 'निष्पक्ष जांच हुई तो बड़े नाम आएंगे सामने'

सपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि इस कथित चंदा घोटाले में पूरा संघ परिवार, भाजपा सरकारें और केंद्र सरकार की भूमिका की जांच होनी चाहिए। उनका दावा है कि यदि किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई गई तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। संडा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को चुनावी करार देते हुए कहा कि भाजपा और संघ परिवार रामजन्मभूमि में चंदे की कथित ठगी के आरोपों से घिरे हैं। इसी कारण जनता के बीच भ्रम और भय का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।

### 'घोषणाएं होती हैं, जनता तक राहत नहीं पहुंचती'

सपा प्रवक्ता ने भाजपा पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कोई धनराशि आती भी है तो उसके भ्रष्ट अधिकारियों के बीच बंट जाने की आशंका रहती है और आम जनता तक उसका लाभ नहीं पहुंचता।

मनोज पांडेय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अनूप संडा ने कहा कि वह कभी समाजवादी पार्टी का हिस्सा थे।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब पांडेय सपा में थे, तब उन्हें ये आरोप क्यों याद नहीं आते थे, या भाजपा में मंत्री बनने के बाद उनका 'हृदय परिवर्तन' हो गया है। संडा ने मनोज पांडेय के बयान को पूरी तरह 'अनर्गल' बताया।

## आगरा में सड़क किनारे अतिक्रमण पर नगर निगम ने चलाया था अभियान

# झुग्गी-झोपड़ी पर बुलडोजर चलने पर भड़के लोग

**विवाद**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में सड़क किनारे अवैध रूप से बनी झुग्गी-झोपड़ियों पर बुलडोजर चलने से से लोग भड़क गए। इनमें रहने वाले लोगों ने मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे ताजगंज के विभव नगर चौराहा पर जाम लगा दिया। लगभग एक घंटे तक सड़क जामकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया। कहा-अब हम कहां जाएं? मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। आगरा में होटल अमर से लेकर राजपुर इंद्रापुरम तक मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास कार्य कराया जाना है। वर्तमान में होटल अमर से उपाध्याय हॉस्पिटल तक निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क के दोनों ओर बनी झुग्गी-झोपड़ियों व फुटपाथों पर किए गए स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य लगातार प्रभावित हो रहा था। इसको लेकर नगर निगम की टीम ने सोमवार को यहां अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। निगम की टीम ने बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान झुग्गी-झोपड़ी में रह रही महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बुलडोजर के सामने खड़े होकर अभियान रोकने का प्रयास किया था। कुछ महिलाओं ने हाथों में डंडे और जूते चप्पल लेकर नगर निगम टीम पर हमला करने की भी कोशिश की। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े लकड़ी के ढांचों और अस्थायी निर्माणों को भी हटाया गया। चौधरी गार्डन क्षेत्र में लकड़ी का ढांचा तोड़े जाने पर स्थानीय लोगों ने भी विरोध जताते हुए हंगामा किया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के विरोध में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों ने मंगलवार दोपहर को विभव नगर चौराहा पर जाम लगा दिया। बांस-बल्ली डालकर रोड पर ट्रैफिक रोक दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था-नगर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी झोपड़ियों पर बुलडोजर चला दिया। इससे उनका सारा सामान नष्ट हो गया।



- *झुग्गी-झोपड़ी तोड़े जाने के विरोध में नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी।*
- *प्रदर्शनकारियों ने दो पहिया वाहनों को भी नहीं निकलने दिया।*
- *अभियान के दौरान नगर निगम ने झुग्गी-झोपड़ियों पर चलाया था बुलडोजर।*

### पहले कराई थी मुनादी

*नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने कहा, अतिक्रमण के हटाने के लिए क्षेत्र में पिछले कई दिनों से मुनादी कराई जा रही थी। जिससे कि लोग स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें। लगातार दी जा रही चेतावनी के बाद भी लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके बाद नगर निगम की टीम ने सोमवार को यहां अभियान चलाया था।*









## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### दान चोरी के आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की, पुलिस ने रास्ता रोका

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार दोपहर 2 बजे सड़कों पर उतरी। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में किया प्रदर्शन किया। कांग्रेसी पदयात्रा करते हुए जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें जन्मस्थान की तरफ जाने वाले रास्ते पर रोक लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्री जी बाबा हनुमान मंदिर पर एकत्र हुए। फिर यहां से पदयात्रा शुरू की। जो श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्य गेट तक जानी थी। मगर पुलिस ने बेरीकेड कर रोक लिया। यहां पर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC), प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC), महिला कांग्रेस, सेवादल, NSUI और पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। महानगर कांग्रेस की ओर से शाम 4 बजे होली गेट से विश्राम घाट तक पदयात्रा निकाली जाएगी। महानगर अध्यक्ष यतीन्द्र मुकद्दम ने बताया कि यह पदयात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले पर पार्टी का पक्ष रखेंगे। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा।




**पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बेरीकेड लगाकर रोक दिया।**

**फास्ट न्यूज**

### कार ने 7 युवकों को मारी टक्कर

मथुरा। मथुरा के थाना मगोर्रा क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से कार सहित फरार हो गया। इस हादसे में 7 युवकों के गंभीर चोट आई है। 4 युवकों को मथुरा भर्ती कराया है जबकि 3 को भरतपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा मंगलवार को सुबह 6 बजे करीब हुआ।

### दलित परिवारों ने जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया

कानपुर देहात। कानपुर देहात में दो दलित परिवार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की कथित उदासीनता से परेशान होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि 25 साल पहले खरीदी गई उनकी जमीन पर कुछ दबंग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि कई शिकायतों के बावजूद पुलिस और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पीड़ित लक्ष्मी श्री (पत्नी देवी प्रसाद) और सर्वेंद्र सिंह (पुत्र जगदीश नारायण) ने बताया कि उनके परिवारों ने वर्ष 2000 में गांव निवासी रमजानी से प्लॉट खरीदे थे।

### कोटरा-उरई रोड पर ट्रक-बस की आमने-सामने टक्कर

जालौन। जालौन में मंगलवार को उरई-कोटरा रोड पर गोरन नहर के पास एक ट्रक और प्राइवेट बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार लगभग 20 यात्री घायल हो गए। बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान वहां से गुजर रहे प्राथमिक विद्यालय करथर के शिक्षक निर्दोष द्विवेदी की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## 10 हजार उपभोक्ताओं का बिजली लोड बढ़ा

### बिना आवेदन लोड बढ़ने से शिकायतें, उपभोक्ता पहुंचे बिजलीघर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद। मुरादाबाद में करीब 10 हजार बिजली उपभोक्ताओं के स्वीकृत कनेक्शन लोड में अचानक वृद्धि कर दी गई है। सोमवार देर रात उपभोक्ताओं के मोबाइल पर लोड बढ़ने के संदेश पहुंचे, जिससे उनमें हड़कंप मच गया। बिना किसी आवेदन या पूर्व सूचना के हुए इस बदलाव को लेकर बड़ी संख्या में उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने बिजलीघरों और विभागीय कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने लोड बढ़ाने के लिए कोई आवेदन नहीं किया था और न ही उनके घरों में बिजली की खपत बढ़ी है। इस एकतरफा वृद्धि से बिजली बिल में फिक्स चार्ज और अन्य शुल्कों में बढ़ोतरी की आशंका है, जिससे उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। शहर के विभिन्न बिजलीघरों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। बिजली विभाग ने फिलहाल इन शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव केवल मुरादाबाद तक सीमित नहीं है। पूरे प्रदेश में लगभग 46 से 47 लाख उपभोक्ताओं के स्वीकृत लोड में संशोधन किया गया है। मुरादाबाद में करीब 10 हजार उपभोक्ता इस निर्णय से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जिन मामलों में बिना आवेदन और सहमति के लोड बढ़ाया गया है।



## राममंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### आगरा में पुलिस ने बीच रास्ते में पकड़ा, कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ता आपस में भिड़े

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी और निर्माण के नाम पर चंदा वसूली में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर सोमवार को आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच की मांग को लेकर जैन मंदिर से मनकामेश्वर मंदिर तक पैदल मार्च निकालने का ऐलान किया था, लेकिन प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बहस हुई और कुछ देर तक धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी रही। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कई कार्यकर्ता मार्च निकालने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस की रोक के बावजूद कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़ने लगे। इस पर पुलिस ने उन्हें रोकते हुए हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी होते देख कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने मौके की स्थिति को देखते हुए पीछे हटने का फैसला किया। वरिष्ठ नेताओं के पीछे हटने के बाद कुछ कार्यकर्ताओं के बीच आपसी बहस शुरू हो गई। कई कार्यकर्ता एक-दूसरे पर पुलिस कार्रवाई के डर से पीछे हटने का आरोप लगाते नजर आए। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए पुलिस ने धीरे-धीरे प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित कर लिया। पुलिस बोली-बिना अनुमति प्रदर्शन की थी तैयारी, कानून व्यवस्था के लिए रोका गया





### कांग्रेस ने लगाए चंदे में गड़बड़ी के आरोप, सीबीआई जांच की मांग

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राम मंदिर के नाम पर जुटाए गए चंदे और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती गई है। पार्टी ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की आर्थिक अनियमितता स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

### गिरफ्तारी के विरोध में जैन मंदिर पर धरने पर बैठे कांग्रेसी

कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता जैन मंदिर चौराहे पर ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस से गिरफ्तार किए गए साथियों को वापस लाने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब तक गिरफ्तार किए गए लोगों को वापस नहीं लाया जाएगा, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। काफी देर तक चले गतिरोध के बाद पुलिस ने बीच रास्ते से गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं को वापस मौके पर पहुंचाया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जैन मंदिर में दर्शन किए और शांतिपूर्ण तरीके से वहां से लौट गए।

*वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन और जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मार्च को रोकने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, करीब एक घंटे तक जैन मंदिर चौराहे पर तनाव की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस ने समझाइश के जरिए स्थिति को नियंत्रित किया और सभी प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया।*

## साइबर अपराधियों पर पुलिस का एक्शन

### हॉट स्पॉट पर मारे छापे, 50 से ज्यादा ठगों को पकड़ा, मोबाइल, लैपटॉप बरामद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। मथुरा पुलिस ने साइबर अपराधियों और ठगों के खिलाफ एक्शन लिया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मंगलवार सुबह करीब 5 बजे पुलिस की 15 से ज्यादा टीमों ने मथुरा के विभिन्न साइबर हॉटस्पॉट पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस ने 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। सभी के पास से मोबाइल, लैपटॉप बरामद हुए हैं। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई अभी समाप्त नहीं हुई है और यह ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान पूरी सख्ती से चलाया जा रहा है। जितने भी आरोपी पूछताछ और जांच में दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध बेहद कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पकड़े गए आरोपियों और बरामदगी की जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। इस बड़ी कार्रवाई से मथुरा और आस-पास के क्षेत्रों में सक्रिय साइबर ठगों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की तैयारी कर ली गई है। कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सुबह 5:00 बजे से ही टीमें रेड कर रही है जो सभी साइबर हॉटस्पॉट्स है और वहां से जो कुछ भी साक्ष्य मिल रहे हैं जैसे मोबाइल फोन इत्यादि उसको एकत्र किया जा रहा है।



### मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लिए बरामद

SSP श्लोक कुमार ने बताया कि साइबर अपराध से आम जनता को बचाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए मथुरा के 4 अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कई गांवों को हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया था। सुबह से ही पुलिस की कई टीमें इन चिह्नित गांवों में छापेमारी कर रही हैं। अपराधियों की धरपकड़ और उन पर पैनी नजर रखने के लिए आधुनिक तकनीकी साधनों के साथ-साथ ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बड़े ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने मौके से साइबर अपराध में इस्तेमाल होने वाले कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने भारी संख्या में संदिग्ध मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चूंकि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए पुलिस हर एक कड़ी को जोड़ने में जुटी हुई है।

> **एसएसपी ने यह कहा एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम से काफी लोग प्रभावित होते हैं और डीजी के निर्देशन में मथुरा में साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, जिसके क्रम में जो हॉटस्पॉट्स है उन्हें चिन्हित करके वहां पर हमारी टीमें अभी छापेमारी कर रही है।**

ये पूरा ऑपरेशन अभी कुछ देर और चलेगा और जो भी इसमें साइबर अपराधी पकड़े जा रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । पुलिस टीम अभी चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गई हुई है और उसमें भी अलग-अलग गांव है जो चिन्हित किए हुए हैं। उन पर कार्रवाई चल रही है। इस ऑपरेशन के दौरान ड्रोन कैमरो का भी इस्तेमाल किया जा रहा है साथ ही अन्य तकनीकी साधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

## गोंडा परिवहन विभाग ने की स्कूलों की जांच

### 62 स्कूली वाहनों का परमिट, 69 की फिटनेस खत्म

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोंडा। गोंडा जिले में बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन और यातायात विभाग ने आज मंगलवार दोपहर 2 बजे से ही संयुक्त अभियान शुरू किया है। यह अभियान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग की जांच में सामने आया है कि जिले में 60 स्कूली वाहनों के परमिट समाप्त हो चुके हैं। इन वाहनों ने अभी तक संचालन के लिए नए परमिट नहीं लिए हैं। इसके अतिरिक्त, 69 स्कूली वाहनों का फिटनेस भी समाप्त हो चुका है। वहीं, 62 ऐसे स्कूली वाहन हैं जिन्होंने परिवहन विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं कराया है। इस अभियान के तहत अब तक चार स्कूली वाहनों को सीज किया गया है ये वाहन बिना पंजीकरण, फिटनेस और परमिट के चल रहे थे। लगातार जिले के अलग-अलग स्थान पर स्कूल जाने वाले मार्गों पर खड़े होकर के परिवहन और यातायात विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। संबंधित विद्यालयों के प्रबंधकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। विभाग द्वारा स्कूल और घर जा रहे स्कूली वाहनों की रास्ते में भी जांच की जा रही है।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'भक्तों पर गोली ...

उन्होंने दावा किया कि सुशासन और विकास की गारंटी केवल डबल इंजन सरकार ही दे सकती है। अलीगंज से आईं मुस्लिम महिलाओं को भी काले बुर्के की वजह से सभा स्थल में प्रवेश नहीं मिल सका। इस व्यवस्था को लेकर कई लोगों ने नाराजगी भी जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर 1:12 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरा। इसके करीब दस मिनट बाद दोपहर 1:22 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जो आधे घंटे से अधिक समय तक जारी रही। बारिश के कारण कार्यक्रम की व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने छातों के सहारे अपनी जिम्मेदारी निभाई, जबकि कई महिलाएं बारिश से बचने के लिए कार्यक्रम स्थल पर लगे होर्डिंग के नीचे खड़ी नजर आईं। मुख्यमंत्री ने दोपहर 2:57 बजे अपना संबोधन शुरू किया, जो 3:28 बजे तक चला। हालांकि भाषण के दौरान ही लगभग 3:10 बजे से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने लगे। लोगों को रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा मौखिक निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद काफी लोग वापस लौट गए। कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल रहे लोगों का बाहर से आए पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने वीडियो बनाया। बताया गया कि कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने पर कुछ लोगों ने नारेबाजी भी की और कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए। सभा में शामिल कुछ लोगों ने भोजन और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था न होने का आरोप लगाया। शहर की लाई मंडी निवासी अनिरुद्ध नामक एक बच्चे ने बताया कि वह भूखा था और मुख्यमंत्री के दर्शन करने के बाद वापस घर लौट रहा है। कार्यक्रम के बाद व्यवस्थाओं को लेकर भी लोगों के बीच चर्चा होती रही।

### भारत और इंडोनेशिया ...

बुधवार को इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन जाएंगे। यह मंदिर 1000 साल से ज्यादा पुराना है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र (हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक) में चीन पिछले कुछ सालों से अपनी सैन्य और समुद्री मौजूदगी लगातार बढ़ा रहा है। इसी वजह से भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, फिलीपींस, वियतनाम और कई अन्य देशों की चिंता बढ़ी है। चीन लगभग 90% दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। चीन ने समुद्र में कृत्रिम द्वीप बनाकर वहां हवाई पट्टियां, रडार और मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं। फिलीपींस और वियतनाम के जहाजों के साथ चीनी कोस्ट गार्ड की कई बार झड़प हो चुकी है।

### चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी...


राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद पर मंगलवार को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज ने खुलकर अपनी बात रखी। कहा- मैं जब ये कहता हूं कि वे (चंपत राय) निर्दोष हैं, तो मेरा मतलब है कि इस पूरे कांड के साथ उनका कोई चारित्रिक संबंध नहीं हो सकता। लेकिन वे खुद सावधान नहीं रहे। उन्होंने एक अपराधी को अपना ड्राइवर रखा था। उसके पास चाबियां थीं। सब कुछ वही कंट्रोल करता था। उनके ड्राइवर ने ही यह सब किया। मुझे आशंका है कि ड्राइवर बाहरी लोगों से जुड़ा था। यह सब CEO नहीं होने की वजह से हुआ। इसलिए हम एक CEO लाएंगे। दूसरी ओर, ट्रस्ट के नए महासचिव कृष्ण मोहन दास ने आज कामकाज संभाल लिया। वहीं, फैजाबाद एंटी करप्शन कोर्ट ने पुलिस को तीन आरोपियों करुणेश पांडेय, अनुकल्प मिश्र और लवकुश की 1 दिन की रिमांड दी है। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी। अब पुलिस बुधवार सुबह तीनों को जेल से पूछताछ के लिए लेकर आएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से इस्तीफा देने वाले चंपत राय फिलहाल विश्व हिंदू परिषद (विहिप) में अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रहेंगे। विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने से इसकी पुष्टि की। कहा- जब तक आरोप साबित नहीं हो जाते, कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इधर, चंपत राय राम मंदिर के निकट रामकोट स्थित तीर्थ क्षेत्र पुरम में एकांतवास कर रहे हैं। वह बेहद कड़ी सुरक्षा के बीच रह रहे हैं। विहिप और अन्य सहयोगी संगठनों से जुड़े लोगों को भी चंपत राय से मिलने के लिए इजाजत लेनी पड़ रही है। उधर, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा- BJP-RSS ने करोड़ों लोगों की भावनाओं को भयंकर ठेस पहुंचाई है। बताया जा रहा है कि इन्हें चढ़ावा चोरी की जानकारी बहुत पहले से थी, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। बातों को दबा दिया गया।

### वायनाड में लैंडस्लाइड...

गाड़ियां बह गईं। घटनास्थल पर एक टैंकर खड़ा था, जो मलबे के साथ तिनके की तरह करीब 200 फीट तक बहता हुआ आया। टैंकर वहां मौजूद महिला और पुरुष से चंद फीट दूर रुका। जिससे उनकी जान बच गई। हादसे के बाद कई लोग मलबे में दब गए हैं। इनको बचाने का काम चल रहा है, JCB मशीनें लगाई गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सोमवार से ही सुरंग कंस्ट्रक्शन का काम रोक दिया गया था। वायनाड में 2 साल पहले सबसे बड़ा लैंडस्लाइड हादसा हुआ था। 30 जुलाई 2024 रात करीब 2 बजे से 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुईं। इस हादसे में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2019 में भी भारी बारिश के कारण इन्हीं इलाकों में लैंडस्लाइड हो चुकी हैं। उस हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी। 52 घर पूरी तरह तबाह हो गए थे। भारत के करीब 12.6% भूभाग (लगभग 4.2 लाख वर्ग किमी) को लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्र माना जाता है। हिमालय और पश्चिमी घाट देश के सबसे संवेदनशील लैंडस्लाइड क्षेत्र हैं। भारत में जून से सितंबर (मानसून) के दौरान सबसे ज्यादा भूस्खलन होते हैं। 80% से ज्यादा लैंडस्लाइड भारी बारिश के कारण होते हैं। सड़क, सुरंग, बांध, खनन और जंगलों की कटाई जैसी मानवीय गतिविधियां भी भूस्खलन का खतरा बढ़ाती हैं। केरलम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दार्जिलिंग सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। भारत में हर साल सैकड़ों लोगों की मौत भूस्खलन की घटनाओं में होती है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) देशभर में लैंडस्लाइड सस्प्टिबिलिटी मैप तैयार करता है, ताकि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते चेतावनी दी जा सके।

### खामेनेई की अंतिम ...

एक्सियोस के मुताबिक ईरान की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो कमर्शियल जहाजों पर कम से कम दो मिसाइलें दागीं। इनमें से एक जहाज ओमान के तट के पास मिसाइल से टकराया, जबकि दूसरा भी हमले की चपेट में आ गया। दोनों जहाजों को भारी नुकसान हुआ, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा मंगलवार को कोम शहर में खत्म हो गई है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बुधवार को खामेनेई और उनके परिवार के सदस्यों के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार की अगली रस्मों के लिए इराक ले जाया जाएगा। ईरान ने अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों के लिए इराक में 15 राहत टीमें भेजी हैं। ईरान की न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक, 55% राहतकर्मी पूरी बचाव सामग्री के साथ इराक के नजफ और कर्बला पहुंच चुके हैं। ये टीमें अंतिम संस्कार से जुड़े सभी कार्यक्रम खत्म होने तक वहीं तैनात रहेंगी और जरूरत पड़ने पर लोगों को आपातकालीन व बचाव सेवाएं देंगी। लोग कार्यक्रम से पहले ही बड़ी संख्या में कर्बला पहुंचने लगे हैं। खामेनेई के पार्थिव शरीर को बुधवार को इराक लाया जाएगा, जहां श्रद्धांजलि और धार्मिक रस्में होंगी।



बालोगुन को बोस्निया के खिलाफ मैच में रेड कार्ड दिखते रेफरी।

## अमेरिकी फुटबॉल खिलाड़ी का रेड-कार्ड रद्द कराया, टीम बेल्जियम से हारकर वर्ल्ड कप से बाहर

# ट्रम्प ने फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाया

**विरोध**

जेनेवा, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाने का आरोप लगा है। अमेरिकी फुटबॉल टीम के खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन को मैच के दौरान रेड कार्ड दिखाया गया था। इसके चलते वे अगले मैच में नहीं खेल सकते थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो को फोन किया, जिसके बाद बालोगुन का रेड कार्ड रद्द हुआ और उन्हें बेल्जियम के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलने की परमीशन मिल गई। हालांकि, बालोगुन के खेलने के बाद भी अमेरिकी टीम बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर



अमेरिका के फोलारिन बालोगुन का रेड कार्ड वापस ले लिया गया। उन्हें बेल्जियम के खिलाफ भी खिलाया गया।

गई। प्री क्वार्टर फाइनल से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बालोगुन रेड कार्ड मामले में दखल देने की बात स्वीकार की। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा, 'मैंने ही फीफा से कहा था कि वे अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन पर लगाए गए एक मैच के बैन का रीव्यू करे।ट्रम्प ने कहा- 'मैंने फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो से बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह फाउल था।' इसके बाद फीफा ने बालोगुन को बेल्जियम से मैच खेलने की अनुमति दे दी। इस पर ट्रम्प ने कहा- फीफा ने सही निर्णय लिया। अगर प्रतिबंध लागू किया जाता तो

> फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास में यह पहला मामला है, जब किसी राष्ट्राध्यक्ष ने रेड कार्ड रद्द करने की पैरवी की हो और फीफा ने इसे मान भी लिया हो। फीफा के इस फैसले का बेल्जियम फुटबॉल संघ और यूरोपियन फुटबॉल यूनियन ने विरोध किया है।

टूर्नामेंट पर बड़ा धब्बा लग जाता।

यह वर्ल्ड कप के इतिहास में रेड कार्ड रद्द होने का दूसरा मामला है। पहला मामला 1962 में सामने आया था। तब ब्राजील के गरिंचा को सेमीफाइनल में चिली के खिलाफ रेड कार्ड दिखाया गया था। हालांकि, गरिंचा ने फाइनल में हिस्सा लिया और चेकोस्लोवाकिया पर जीत हासिल की। उस समय



बालोगुन को बोस्निया-हर्जेगोविना के डिफेंडर तारिक मुहारेमोविक पर फाउल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया था।

रेड कार्ड के बाद खिलाड़ी पर प्रतिबंध नहीं लगता था, बल्कि अधिकारी सबूतों के आधार पर सजा तय करते थे। 1962 में फीफा की अनुशासनात्मक समिति का निर्णय राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोपों से घिरा हुआ था। 2018 वर्ल्ड कप के दौरान भी कुछ देशों के नेताओं ने रेफरी के फैसलों पर सार्वजनिक टिप्पणी की थी, लेकिन उन मामलों में फीफा ने अपने निर्णयों में कोई बदलाव नहीं किया था।

### फीफा बोला- नियमों के आधार पर फैसला लिया

फीफा प्रेसिडेंट इन्फेंटिनो ने सोशल मीडिया पर कहा कि अनुशासन समिति ने पूरी स्वतंत्रता के साथ निर्णय लिया। हर मामले का मूल्यांकन संबंधित नियमों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया जाता है। हालांकि, इस फैसले ने विश्व कप के दौरान फीफा की पारदर्शिता और निर्णय प्रक्रिया को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

फीफा हमेशा यह दावा करता रहा है कि उसके फैसले राजनीतिक प्रभाव से पूरी तरह स्वतंत्र होते हैं।

### बालोगुन को बोस्निया के खिलाफ रेड कार्ड दिखाया गया था

25 साल के बालोगुन को पिछले नॉकआउट मुकाबले में रेड कार्ड मिला था। नियमों के अनुसार उन्हें एक मैच का बैन झेलना चाहिए था। इसके बावजूद फीफा ने उन्हें बेल्जियम के खिलाफ राउंड ऑफ-16 मुकाबले में खेलने की मंजूरी दे दी। बेल्जियम फुटबॉल महासंघ ने फीफा के इस फैसले के खिलाफ अपील दायर की, जो खारिज हो गई। बालोगुन ने टूर्नामेंट में तीन गोल किए।

# अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर का निधन

## ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में अंतिम सांस ली, रेयर बीमारी से जूझ रहे थे

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का मंगलवार को भारत में निधन हो गया। वे 38 साल के थे और बुधवार को उनका 39वां जन्मदिन था। वे लंबे समय से हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (HLH) नाम की दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे थे। ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने सोशल मीडिया पर शापूर जादरान के निधन की पुष्टि करते हुए शोक जताया। बोर्ड ने कहा कि पूर्व तेज गेंदबाज के निधन से अफगान क्रिकेट ने अपना एक अहम खिलाड़ी खो दिया है। उनके निधन की खबर के बाद क्रिकेट जगत में



शोक है। शापूर जादरान अफगानिस्तान के उन शुरुआती खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने देश के क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अपनी तेज लेफ्ट आर्म गेंदबाजी और आक्रामक अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले शापूर ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 80 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इनमें 44 वनडे और 36 टी-20 मैच शामिल रहे।

उन्होंने अफगानिस्तान को एसोसिएट टीम से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुख्य मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही टीम के आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने में भी उनका योगदान रहा।

शापूर के छोटे भाई घमई जादरान के अनुसार, वे पिछले साल अक्टूबर से बीमार थे। अफगानिस्तान के डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए भारत लाया गया था। ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में उनका लंबे समय तक इलाज चला।

वे हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (HLH) बीमारी से पीड़ित थे।

### श्रेयस की कप्तानी में भारत अब तक नहीं जीता

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला मंगलवार को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समय के हिसाब से रात 10 बजे शुरू होगा। इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। पहला मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा था, जबकि दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 191 रन का टारगेट 4 विकेट से हासिल कर बढ़त बनाई थी। भारत अगर यह मैच हारती है तो सीरीज जीतने की उम्मीद खत्म हो जाएगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक एक भी मैच नहीं जीत सका है। वे लगातार 4 मैच गंवा चुके हैं। IPL समेत पिछले 10 टी-20 में श्रेयस 9 मैच हार चुके हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 32 टी-20 खेले गए हैं। इनमें भारत ने 18 और इंग्लैंड ने 13 मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर सबकी नजरें रहेंगी। दूसरे टी-20 में डेब्यू करने वाले वैभव ने 10 गेंदों में 14 रन बनाए थे।

## स्पेन ने 1-0 से हराया, मेजबान अमेरिका को बेल्जियम ने 4-1 से पराजित किया

# रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर



आर्लिंग्टन (टेक्सास), एजेंसी

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानों रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल और मेजबान अमेरिका फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। मंगलवार को दिन के पहले मैच में पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। जबकि, अमेरिका ने बेल्जियम ने 4-1 के बड़े अंतर से हराया।

41 साल के रोनाल्डो अपने करियर का आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे थे। डलास स्टेडियम से बाहर जाते समय फैंस ने खड़े होकर उन्हें सम्मान किया। उन्होंने गंभीर चेहरे के साथ फैंस का अभिवादन किया, इससे यह साफ था कि वे अपने वर्ल्ड कप करियर का अंत जीत के साथ करना चाहते थे।

इधर, सिएटल स्टेडियम में मेजबान अमेरिका पर डिफेंस की गलतियां भारी पड़ी। बेल्जियम के चार्ल्स डी केटेलारे ने डबल गोल किए।



### स्पेन ने लगातार छठे मैच में गोल नहीं खाया

स्पेन वर्ल्ड कप इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों तक गोल नहीं खाने वाली टीम बन गई। स्पेन ने लगातार छठे मैच में गोल नहीं खाया है। स्पेन ने इटली (1990) और स्विट्जरलैंड (2006-10) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दोनों टीमों ने लगातार 5-5 वर्ल्ड कप मैचों में कोई गोल नहीं खाया था। स्पेन की क्लीन शीट का सिलसिला 2022 वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0-0 ड्रॉ से शुरू हुआ था। हालांकि, उस मैच में मोरक्को पेनल्टी शूटआउट में आगे बढ़ गया था। मौजूदा वर्ल्ड कप में स्पेन ने ग्रुप चरण में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला, जिसके बाद लगातार चार मैचों में क्लीन शीट रखते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

### गोलकीपर सिमोन ने तोड़ा 35 साल पुराना रिकॉर्ड

29 साल के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाकर वर्ल्ड कप का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ नॉकआउट मुकाबले में इटली के दिग्गज गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 517 मिनट का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा था। सिमोन ने 2022 वर्ल्ड कप में जापान के खिलाफ 2-1 गोल खाया था। सिमोन ने पुर्तगाल के खिलाफ पहले हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो प्रयास विफल किए।


## मनोरंजन



## सौतेली बहनों जान्हवी-खुशी ने निभाईं रस्में, मंडप के पास रखी दिवंगत मां की तस्वीर, अर्जुन कपूर हुए भावुक

# अंशुला कपूर की हुई रोहन ठक्कर से शादी

नई दिल्ली। बोनी कपूर की बेटी और अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने 6 जुलाई को रोहन ठक्कर से शादी कर ली है। शादी में कपूर परिवार के तमाम लोगों के अलावा फिल्म इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। शादी ट्रेडिशनल हिंदू रीति-रिवाजों से हुई, जिसमें सौतेली बहनों जान्हवी कपूर और खुशी कपूर ने भी रस्में अदा की हैं। शादी की तस्वीरों के साथ अंशुला ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, 06.07.2026। इतने सारे लोगों में, इतनी सारी जगहों में और इतने सही-गलत वक्तों के बीच, वो तुम थे। और जिंदगी के हर मोड़, हर उतार-चढ़ाव और हर अनपेक्षित सफर के बाद भी। आज भी तुम ही हो। मेरी सबसे पसंदीदा बातचीत। मेरी सबसे सुकूनभरी जगह। मेरी सबसे आसान और सबसे खूबसूरत पसंद। हमेशा तुम ही रोहन ठक्कर। अर्जुन कपूर ने भी आज सुबह सोशल मीडिया से अंशुला के लिए भावुक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा, मेरी अंश के नाम, तुम हमेशा मेरी रहोगी, लेकिन अब वक्त आ गया है कि मैं तुम्हें नई राह पर जाने दूं। आज तुम रोहन के साथ अपनी नई जिंदगी की शुरुआत कर रही हो। तुम्हें मुस्कुराते हुए देखकर मेरा दिल, मेरा मन और मेरी आत्मा बेहद खुश हैं। मैंने तुम्हें बचपन से बड़ा होते देखा है और आज तुम एक ऐसी शानदार महिला बन गई हो, जो हर कदम पर हमारी मां की छवि को अपने भीतर समेटे हुए है। आगे उन्होंने लिखा, कभी चिंता मत करना, क्योंकि मां हमेशा तुम्हें देख रही हैं और हर पल तुम्हें अपना आशीर्वाद दे रही हैं। मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं, हमेशा तुम्हारा साथ दूँगा और हमेशा यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारे चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े। बहुत सारा प्यार, तुम्हारा अर्जुन भैया।






### हाथी दांत रखने के मामले में घिरे मोहनलाल

नई दिल्ली। मलयालम एक्टर मोहनलाल ने केरल वन विभाग के सामने 10 हाथी के दांत और हाथी दांत से बनी 13 मूर्तियां घोषित की हैं। यह घोषणा एक्टर ने सरकार की एमनेस्टी (माफी) योजना के तहत की है। मोहनलाल पर हाथी दांत गैर-कानूनी तरीके से रखने का 15 साल पुराना मामला चल रहा है।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी मूर्तियों का कुल वजन करीब 46 किलोग्राम है, जिनमें भगवान कृष्ण, राम और तिरुपति बालाजी की मूर्तियां शामिल हैं। एक्टर ने कहा कि यह चीजें उन्हें विरासत या तोहफे में मिली थीं।

वन अधिकारियों के अनुसार, मोहनलाल ने पहले केवल चार हाथी के दांत होने की जानकारी दी थी। अब उन्होंने छह और हाथी दांत के साथ 13 मूर्तियों की घोषणा की है। वन विभाग इन चीजों की जांच के लिए डीएनए टेस्ट भी करा सकता है।

# लौट आया इमरान का जादू! आवारापन 2 का पहला गाना वे जुनून हुआ रिलीज



नई दिल्ली। किसी रोमांटिक-ड्रामा फिल्म में इमरान हाशमी हों और उस फिल्म के गाने यादगार ना बने, ऐसा भला कैसे हो सकता है। एक बार फिर से इमरान हाशमी पर्दे पर अपने उसी आवारापन को लेकर लौट रहे हैं।

जी हां, जल्द ही इमरान आवारापन 2 में दिखेंगे, जिसका पहला गाना हाल ही में रिलीज हुआ और यह गाना आते ही लोगों को पसंद आने लगा है।

साल 2007 में 'आवारापन' का

### दिशा संग कैमिस्ट्री छू लेगी दिल

अब अगला पार्ट 'आवारापन 2' (Awarapan 2) आ रहा है। बीते दिनों ही फिल्म का हाल ही में टीजर (Awarapan 2 Teaser) रिलीज किया गया, जो लोगों को काफी पसंद आया। अब हाल ही में फिल्म का गाना 'वे जुनून' (Ve Junoon Song) रिलीज किया गया है।

इस गाने को मिथुन ने कंपोज किया है। वहीं इस गाने को सईद कादरी ने लिखा है और इस गाने को सुबोध शर्मा ने अपनी आवाज दी है। सईद कादरी, जिन्होंने 19 साल पहले आवारापन के लिए 'तेरा मेरा रिश्ता' और 'तो फिर आओ' जैसे कालजयी गाने लिखे थे, 'वे जुनून' के साथ एक बार फिर अपना जादू लेकर लौटे हैं।

गाना सुनने में काफी अलग रहा है और वही आवारापन वाला जादू क्रिएट कर रहा है। गाने में इमरान हाशमी और दिशा पाटनी का दर्द नजर आ रहा है।

इस गाने को सुबोध शर्मा ने अपनी आवाज दी है। पिछले 12 वर्षों से साउंड इंजीनियर के रूप में काम कर रहे सुबोध की आवाज विशेष भट्ट तक एक इंस्टाग्राम रील के जरिए पहुची। उनकी आवाज ने विशेष भट्ट और फिल्म के कंपोजर मिथुन (Mithoon) का दिल जीत लिया और फिर वे जुनून के लिए सुबोध को फाइनल किया गया।

## फिल्म को आईटी रूल 2021 के तहत सरकारी आदेश पर ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाया गया है

# सरकारी आदेश पर हटाई गई दिलजीत की फिल्म सतलुज

> दिलजीत का बयान सामने आने के बाद जी 5 ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा है, 'हमे आशा है और हम इसके लिए सब कुछ कर रहे हैं।

नई दिल्ली। दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज 2 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर रिलीज हुई थी, जिसे बिना कारण बताए 5 जुलाई को अचानक हटा दिया गया। फिल्म हटाए जाने से विवाद खड़ा हो गया। कई सेलेब्स इसका विरोध करते हुए दिलजीत और फिल्ममेकर्स का समर्थन कर रहे हैं। दिलजीत ने भी फैंस से ज्यादा से ज्यादा फिल्म डाउनलोड की गई फिल्म शेयर करने की अपील की है। नई रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म को IT रूल 2021 के तहत सरकारी आदेश पर ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाया गया है।

### फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने ईरानी फिल्ममेकर से की तुलना

फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाए जाने पर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, 'सतलुज, मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन हनी त्रेहान को वही स्थिति झेलनी पड़ेगी, जिसका सामना ईरान में जाफर पनाही को करना पड़ा था।' बता दें कि जाफर पनाही को ईरान में अपनी फिल्मों और अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर सरकारी प्रतिबंधों, गिरफ्तारी और सेंसरशिप का सामना करना पड़ा था।



## सीआईए एजेंट बताकर प्रेसिडेंट का भरोसा जीता, बोला- 36 फाइटर प्लेन, मिलिट्री सिस्टम दिला दूंगा

# धोखाधड़ी : भारतवंशी बिजनेसमैन ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति से 425 करोड़ ठगे

**आरोप**

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में धोखाधड़ी के मामलों का सामना कर रहे भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव पर अब इंडोनेशिया में भी बड़े फर्जीवाड़े का आरोप लगा है। OCCRP और इंडोनेशियाई मैगजीन टेम्पो की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव ने खुद को CIA एजेंट बताकर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो (तब रक्षा मंत्री) का भरोसा जीता और रक्षा सौदों के नाम पर 425 करोड़ रुपए का फर्जी कर्ज मंजूर करा लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, गौरव ने 36 F-15 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने का दावा किया।



तस्वीर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो (बाएं) और भारतीय मूल के बिजनेसमैन गौरव श्रीवास्तव (दाएं) की है।

जांच में पता चला कि जिन चार कंपनियों के जरिए उसने पांच रक्षा सौदे हासिल किए, वे सभी शेल कंपनियां थीं। बाद में टैक्स नहीं चुकाने पर इन्हें बंद कर दिया गया। सिर्फ 36 F-15 लड़ाकू विमानों की संभावित डील ही करीब 1.32 लाख करोड़ रुपए की थी।

### खुद को बाइडेन का करीबी बताता था गौरव

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स और अदालत में दायर मुकदमे के मुताबिक गौरव श्रीवास्तव खुद को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन, सीनेटर चक शूमर और कई सैन्य अधिकारियों का करीबी बताता था। वह इन नेताओं और अधिकारियों के साथ अपनी तस्वीरें दिखाकर लोगों को यकीन दिलाता था कि उसकी पहुंच अमेरिकी सत्ता और सुरक्षा तंत्र के टॉप तक है। हालांकि, बाद में आईं रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इन नेताओं तक उसकी पहुंच किसी सरकारी भूमिका की वजह से नहीं, बल्कि राजनीतिक चंदे, सार्वजनिक कार्यक्रमों और आयोजनों के जरिए बनी थी। मुकदमे में आरोप है कि गौरव ने इसी छवि का इस्तेमाल कर कई कारोबारियों और विदेशी अधिकारियों का भरोसा जीता।

### प्रबोवो गौरव को 'मिस्टर जी' बुलाते कहते थे

रिपोर्ट के मुताबिक गौरव ने प्रबोवो का इतना भरोसा जीत लिया था कि वे उसे 'मिस्टर G' कहकर बुलाते थे। उसने राष्ट्रपति के निजी जीवन से जुड़ी ऐसी जानकारियों का भी इस्तेमाल किया, जो केवल उनके करीबी लोगों को पता थीं।

इनमें यह बात भी शामिल थी कि प्रबोवो अपने घर के मकड़ी के जालों को प्रकृति का हिस्सा मानते हैं और उन्हें साफ नहीं कराते।

गौरव ने यह भी दावा किया कि उसने 2002 के बाली बम धमाकों के आतंकियों को पकड़वाने और प्रबोवो का नाम अमेरिकी इमिग्रेशन की ब्लैकलिस्ट से हटवाने में मदद की थी। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रिको सिराइत ने कहा कि जिन रक्षा सौदों पर बातचीत हुई थी, वे आखिरी समझौते तक नहीं पहुंचे थे। इसलिए सरकार को कोई सीधा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ।



ये गौरव श्रीवास्तव है। इस पर अमेरिका में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं।

**बताया गया है कि यह कथित फर्जीवाड़ा 2020 से 2022 के बीच हुआ। आरोप है कि इसी रकम से गौरव ने लॉस एंजिलिस में करीब 208 करोड़ रुपए का आलीशान बंगला खरीदा। अमेरिका में उसके खिलाफ 2024 से धोखाधड़ी समेत कई मामले दर्ज हैं।**

## अमेरिका में फ्लोरिडा की इन्फ्लुएंसर ड्रीमडॉल ब्री की गोली मारकर हत्या

फ्लोरिडा, एजेंसी



अमेरिका में फ्लोरिडा की एक इन्फ्लुएंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि जब वह मिरामार में अपनी लाइम ग्रीन लैम्बोर्गिनी उरुस से जा रही थीं तभी अज्ञात हमलावरों में ने उन पर गोलीबारी कर दी। कार में उनके साथ दो लोग और सवार थे उन पर भी गोलियां चलाई गईं।

द न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, ब्रियाना जॉनसन को ऑनलाइन ड्रीमडॉल ब्री के नाम से जाना जाता है। वह अपनी गाड़ी में थीं तभी एक सफेद सेडान उनकी गाड़ी के पास आई और गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीय युवती की रविवार को चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने यह भी बताया कि लैम्बोर्गिनी में सवार दो और लोगों को भी गोली मारी गई। सीबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पुरुष थे। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। मिरामार पुलिस अभी भी गोलीबारी से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है।

7न्यूज को मिले सर्विलांस फुटेज में गोलीबारी से पहले एक हल्के रंग की कार को लेम्बोर्गिनी का पीछा करते हुए देखा जा सकता है। गोली चलने के बाद संदिग्ध की कार तेजी से भाग गई। इसके बाद लेम्बोर्गिनी पास की एक प्रॉपर्टी में जा घुसी।

पुलिस का मानना है कि हो सकता है कि गाड़ी ही उनका असली निशाना रही हो। एनबीसी 6 साउथ फ्लोरिडा के अनुसार, मिरामार पुलिस चीफ डेलरिश मॉस ने कहा, ₹जाहिर है कि उन्होंने किसी वजह से इसी खास कार को निशाना बनाया। हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों किया गया। जॉनसन के परिवार ने 7न्यूज को बताया कि वह और गाड़ी में सवार दो अन्य लोग उस रात एक बड़ी पार्टी में शामिल हुए थे।

**फास्ट न्यूज**

### चीन में कुदरत की दोहरी मार

बीजिंग। चीन में मौसम के बदले मिजाज और प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई है। देश के अलग-अलग हिस्सों में आई बाढ़, आंधी-तूफान और भूस्खलन के कारण अब तक कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 330 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राहत और बचाव कार्य तेज करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने का आदेश दिया है।

### एक के बाद एक धमाकों से दहला सीरिया

दश्मिक। सीरिया की राजधानी दश्मिक में मंगलवार को एक के बाद एक कई धमाके हुए। गौर करने वाली बात ये है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सीरिया के दौरे पर हैं और उनके होटल के पास भी ब्लास्ट हुआ।

इमैनुएल मैक्रों सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा से मिलने के लिए राष्ट्रपति भवन में दाखिल हुए ही थे कि तभी फोर सीजन्स होटल के पास धमाके हुए। सीरियाई अधिकारियों ने इस घटना पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। सीरियाई मीडिया ने बताया कि मैक्रों 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए थे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि वे सुरक्षित हैं और सीरिया का उनका दौरा जारी है।

### पांच बच्चों समेत कम से कम 8 रोहिंग्या रिफ्यूजियों की मौत

ढाका। पूर्वी बांग्लादेश में मानसून की भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम आठ रोहिंग्या शरणार्थियों की मौत हो गई, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। कॉक्स बाजार जिले में फायर सर्विस और सिविल डिफेंस के अधिकारी डॉलर त्रिपुरा ने बताया कि रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक कई पहाड़ियों के ढहने के बाद बचाव कर्मियों ने सात शव बरामद किए, जबकि आठवां शव शरणार्थियों को मिला।

## माइक्रोसॉफ्ट ने 4,800 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

### एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ने के चलते फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट अपनी टोटल वर्कफोर्स में करीब 2.1% की कटौती कर रही है, जिसके तहत लगभग 4,800 कर्मचारियों की छंटनी की जाएगी। टेक इंडस्ट्री में चल रही छंटनी के बीच विंडोज बनाने वाली इस दिग्गज कंपनी ने यह फैसला AI इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारी खर्च और बिजनेस में एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए लिया है।

बिग टेक कंपनियों का AI पर खर्च इस साल 700 बिलियन डॉलर से ज्यादा होने की उम्मीद है। इसके चलते कंपनियों पर इनवेस्टमेंट का रिटर्न दिखाने और टेक्नोलॉजी को लागू करने में आ रही भारी लागत को कम करने का दबाव बढ़ रहा है। इसी दबाव के कारण इस साल अमेजन और मेटा प्लेटफॉर्म्स ने भी अपने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। माइक्रोसॉफ्ट ने छंटनी की यह घोषणा एक मुश्किल छमाही




के बाद सोमवार को की है। साल 2026 के पहले छह महीनों में कंपनी के शेयरों में लगभग 20% की गिरावट आई है, जो साल 2022 के बाद से कंपनी का सबसे खराब छमाही प्रदर्शन है। इससे पहले इसी साल सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने अपने अमेरिकी वर्कफोर्स के करीब 7% यानी लगभग 9,000 कर्मचारियों को वॉलंटरी बायआउट का ऑफर दिया था। माइक्रोसॉफ्ट अक्सर जून में अपने फाइनेंशियल ईयर के अंत के करीब नौकरियों में कटौती करती है, क्योंकि इसी समय कंपनी नए फाइनें-शियल ईयर के लिए अपनी खर्च योजनाओं को अंतिम रूप देती है।

## जिस होटल में ठहरे थे उसके पास ब्लास्ट, इलाके में घेराबंदी की गई

# सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे के बीच धमाका



दमिश्क, एजेंसी

सीरिया की राजधानी दमिश्क में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे के बीच मंगलवार को धमाका हुआ है। यह ब्लास्ट उस होटल के पास हुआ है, जहां मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। मैक्रों सोमवार को दमिश्क पहुंचे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय लोगों ने एक साथ कई धमाकों की आवाज सुनी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में इलाके से धुआं भी उठता देखा गया।

धमाके के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर दिया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने धमाके के कारणों की



सीरिया की राजधानी दमिश्क में मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों की होटल के पास धमाका हुआ।

जांच शुरू कर दी है।

मैक्रों, बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद दमिश्क का दौरा करने वाले यूरोपीय संघ (EU) के पहले बड़े नेता हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बताया कि धमाके मैक्रों के ठहरने वाले होटल के पास हुए, लेकिन राष्ट्रपति के काफिले तक उनकी आवाज नहीं पहुंची। मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं और घटना के बाद भी उन्होंने अपना तय कार्यक्रम जारी रखा।

> **मैक्रों के दौरे में सीरिया के पुनर्निर्माण, विदेशी निवेश, सुरक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी अभियान प्रमुख एजेंडा हैं। दोनों देशों के बीच बुनियादी ढांचे, वित्त और ऊर्जा क्षेत्र में कई समझौतों पर भी चर्चा हो रही है।**

### कुछ दिन पहले भी हुआ था धमाका

3 जुलाई को भी दमिश्क के पैलेस ऑफ जस्टिस के पास एक कैफे में बम धमाका हुआ था। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई थी और 20 लोग घायल हुए थे। दमिश्क के गवर्नर माहेर मरवान इदलिबी ने बताया था कि कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) लगाया गया था। मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा था कि कुछ तत्व देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि इस हमले को किसी आतंकी संगठन से नहीं जोड़ा गया है।

## परमाणु पनडुब्बी से बैलिस्टिक मिसाइल दागी, हिंद-प्रशांत में बढ़ा तनाव, भारत के लिए क्या मायने

# चीन का नया 'मिसाइल मैसेज'

बीजिंग/नई दिल्ली, एजेंसी

चीन ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी से लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रशांत महासागर में परीक्षण कर अपनी रणनीतिक सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है।

अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंता का विषय बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ प्रशांत क्षेत्र का मामला नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता का संकेत है, जिसका सीधा असर भारत की सुरक्षा रणनीति पर भी पड़ सकता है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षण में संभवतः चीन की नई पीढ़ी की JL-3 पनडुब्बी आधारित बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मानी



जाती है और इसकी मारक क्षमता इतनी है कि चीन के समुद्री क्षेत्र से भी हजारों किलोमीटर दूर लक्ष्य साधे जा सकते हैं। चीन इसे नियमित सैन्य अभ्यास बता रहा है, लेकिन क्षेत्रीय देशों का कहना है कि इससे हिंद-प्रशांत में सैन्य प्रतिस्पर्धा और तेज होगी। अब तक चीन का फोकस दक्षिण चीन सागर और ताइवान तक माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उसकी परमाणु पनडुब्बियां हिंद महासागर में भी नियमित रूप से देखी गई हैं।

### भारत के लिए चिंता

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता चीन की बढ़ती समुद्री मौजूदगी है। बीते कुछ वर्षों में चीनी नौसेना की पनडुब्बियां हिंद महासागर में कई बार देखी गई हैं। जिबूती में सैन्य अड्डा, पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और श्रीलंका के हम्बनटोटा पोर्ट पर चीन की सक्रियता पहले से नई दिल्ली के लिए रणनीतिक चुनौती है। यदि चीन अधिक आधुनिक और कम शोर वाली परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करता है, तो हिंद महासागर क्षेत्र में उसकी सैन्य पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं।

### चीन लगातार क्यों बढ़ा रहा है सैन्य ताकत?

विशेषज्ञों के अनुसार चीन ताइवान पर दबाव बढ़ा रहा है, अमेरिका को प्रशांत क्षेत्र में चुनौती देना चाहता है, अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता मजबूत कर रहा है और हिंद-प्रशांत में सैन्य प्रभाव बढ़ाना चाहता है। इसके साथ ही चीन भविष्य में समुद्र आधारित परमाणु शक्ति के जरिए वैश्विक रणनीतिक संतुलन बदलना चाहता है।

**भारत की परमाणु नीति क्रेडिबल मिनिमम डेटेरेंस और नो फर्स्ट यूज पर आधारित है। चीन यदि समुद्र आधारित परमाणु क्षमता तेजी से बढ़ाता है तो भारत को भी अधिक परमाणु पनडुब्बियां, लंबी दूरी की के-4 और के-5 मिसाइलें और समुद्री निगरानी नेटवर्क तेजी से मजबूत करना होगा।**

**भारत पहले से उत्तरी सीमा पर चीन और पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान का सामना कर रहा है। यदि चीन समुद्री मोर्चे पर भी अपनी क्षमता बढ़ाता है तो भारत को भूमि, वायु और समुद्र-तीनों मोर्चों पर सैन्य संसाधन बढ़ाने पड़ सकते हैं।**

## 'भारत और इंडोनेशिया के बीच समुद्र दूरी का प्रतीक नहीं'

जकार्ता, एजेंसी

पीएम मोदी इस समय इंडोनेशिया की सांसद को संबोधित कर रहे हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'इंडोनेशिया के लोगों, यहां के बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने इस दिन को मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक बना दिया है। आज सुबह इंडोनेशिया के लोगों ने जिस तरह से मुझे अपना प्यार दिखाया और मेरा स्वागत किया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता।'

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, 'आज सुबह मुझे इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान को प्राप्त करने का सौभाग्य भी मिला, यह सम्मान हमारे दोनों देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों और साझा विरासत, तथा दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को समर्पित है। मैं आप सभी का, राष्ट्रपति का, इंडोनेशिया सरकार का और इस देश की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। पीएम बोले,



'आज भारत और इंडोनेशिया इतिहास के एक अहम पड़ाव पर साथ खड़े हैं। इस सदी का पहला दौर बीत चुका है और आने वाले 25 साल हमारे दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। मैं इस संकल्प के साथ आया हूं कि भारत और इंडोनेशिया मिलकर पूरी मानवता में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। जब भारत के 1.4 अरब नागरिक और इंडोनेशिया के 29 करोड़ नागरिक मिलकर आगे बढ़ेंगे, तो दुनिया एक नया इतिहास देखेगी। भारत दुनिया का वह देश है जो विस्तारवाद की नहीं, बल्कि विकास की नीति पर चलता है। इसीलिए हम भारत में कहते हैं: 'सबका साथ, सबका विकास'।'

## गिरावट : सोना 1,442 सस्ता, कीमत 1.44 लाख हुई, जून में चांदी 38 हजार, सोना 15 हजार गिरी

# चांदी 4,408 गिरकर 2.29 लाख पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी के दाम में इस आज यानी 7 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसि-एशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,442 रुपए गिरकर 1.44 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी का दाम 4,408 रुपए गिरकर 2.29 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले बीते महीने यानी जून में सोना-चांदी में गिरावट रही थी। बीते महीने सोना 15 हजार और चांदी 38 हजार रुपए सस्ती हुई थी।

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।



### सोने-चांदी के दाम में गिरावट की वजह

**यूएस-ईरान समझौता:** अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौता साइन हुआ है। इसकी वजह से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा कम हो गया, जिससे निवेशकों ने सोने-चांदी जैसे 'सुरक्षित निवेश' से अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया।

**मजबूत अमेरिकी डॉलर:** फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है। आमतौर पर जब डॉलर मजबूत होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरती हैं।

**मुनाफावसूली:** पिछले कुछ समय पहले सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी थीं। दामों में इतनी बड़ी तेजी आने के बाद बड़े निवेशकों और ट्रेडर्स ने मुनाफावसूली की, जिससे कीमतों में अचानक तेज गिरावट आई।

**ईटीएफ में बिकवाली:** सुरक्षित निवेश का आकर्षण कम होने से गोल्ड-सिल्वर ETFs में भारी बिकवाली देखी गई। इससे भी सोने-चांदी के दाम में गिरावट आ रही है।

### चांदी इस साल 1.57 लाख रुपए गिरी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 32 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए तक पहुंच गई थी। यह चांदी के अब तक की सबसे ज्यादा दाम थे। तब से अब तक 159 दिन में चांदी 1.57 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

## पाकिस्तान: बलूचिस्तान में पुलिस पोस्ट पर हमला

### एसएचओ समेत नौ पुलिसकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के जियारत जिले में हथियारबंद हमलावरों ने पुलिस पोस्ट पर हमला किया है। अधिकारियों ने आज मंगलवार, 7 जुलाई को बताया कि इस हमले में दो स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) समेत कम से कम नौ पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। स्थानीय मीडिया के सूत्रों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने सोमवार रात पुलिस पोस्ट पर हमला किया। जियारत जिले में पुलिस और हथियारबंद हमलावरों के बीच कुछ देर तक गोलीबारी हुई, लेकिन हमलावर परिसर में घुसने में कामयाब रहे। जियारत के डिप्टी कमिश्नर अब्दुल कुदूस अचकजई ने घटना में मरने वालों की संख्या की पुष्टि की। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पांच



पुलिसकर्मियों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है और घटना स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है और लापता पुलिसकर्मियों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बलूचिस्तान में यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान में, खासकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा जैसे सीमावर्ती प्रांतों में पुलिसकर्मियों पर हमले बढ़ रहे हैं।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में 2 जुलाई को भी हथियारबंद हमलावरों ने पुलिस गश्त दल पर हमला किया था, जिसमें एक अतिरिक्त स्टेशन हाउस ऑफिसर समेत दो पुलिसकर्मी की मौत हुई थी।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533

R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676